दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 247
कोटद्वार मंगलवार
10 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आपदा की दृष्टि से संवेदनशील उत्तराखंड



**देहरादून।** यह किसी से छिपा नहीं है कि समूचा उत्तराखंड आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। यह राज्य निरंतर प्रातिक आपदाओं से जूझता आ रहा है। ऐसे में आपदा प्रभावित गांवों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

इस सबके बावजूद आपदा प्रभावितों का पुनर्वास ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। इसकी असली वजह है पुनर्वास के दृष्टिगत राज्य में लैंड बैंक का न होना।परिणामस्वरूप पुनर्वास की प्रक्रिया लंबी होती चली जाती है। यद्यपि, अब जोशीमठ में भूधंसाव की घटना के बाद उच्च स्तर पर पुनर्वास के लिए लैंड बैंक बनाने को लेकर मंथन शुरू हो गया है। शासन के एक उच्चाधिकारी के अनुसार जल्द ही इस संबंध में जिलों से रिपोर्ट मांगी जाएगी।

विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड और प्रातिक आपदाओं का चोली-दामन का साथ है। भूकंपीय दृष्टि से यह राज्य संवेदनशील जोन-पांच व चार के अंतर्गत है। साथ ही प्रतिवर्ष अतिवृष्टि, भूस्खलन, भूधंसाव, बादल फटने जैसी घटनाओं में बड़े पैमाने पर जान-माल को क्षति पहुंच रही है।

इसके चलते साल-दर-साल आपदा प्रभावित गांवों व परिवारों की संख्या बढ़ रही है। अभी तक आपदा प्रभावित गांवों की संख्या चार सौ का आंकड़ा पार कर चुकी है। उस पर पुनर्वास की तस्वीर देखें तो राज्य गठन से लेकर अब तक 88 गांवों के 1496 परिवारों का ही जैसे-तैसे पुनर्वास हो पाया है।

प्रभावितों के पुनर्वास की राह में सीमित संसाधनों वाले इस राज्य में बजट जुटाना तो चुनौती है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती है भूमि की व्यवस्था करना। अभी तक राज्य में ऐसी भूमि किसी भी जिले में लैंड बैंक के रूप में चिह्नित नहीं की गई है, जिसमें आपदा प्रभावितों का पुनर्वास किया जा सके।

यद्यपि, औद्योगीकरण के दृष्टिकोण से पूर्व में राज्य में लैंड बैंक बनाने की बात हुई और इसके लिए देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर में कसरत भी हुई, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई। आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के दृष्टिकोण से कभी इस बारे में सोचा ही नहीं गया।

यही कारण है कि जोशीमठ में भूधंसाव की घटना के बाद आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए भूमि तलाशने को मशक्कत करनी पड़ रही है। इस घटना के आलोक में अब सरकार और शासन ने भी महसूस किया है कि यदि पुनर्वास की दृष्टि से लैंड बैंक होता तो दिक्कत नहीं आती।

इसे देखते हुए अब सभी जिलों में पुनर्वास के लिए लैंड बैंक को लेकर गंभीरता से मंथन शुरू हो गया है। इस बारे में जिलों से ऐसी भूमि का ब्योरा मांगा जाएगा, जिसे आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए सुरक्षित रखा जा सके।

## प्लास्टिक पर हाईकोर्ट गंभीर, उद्योगों को झटका

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने राज्य में प्लास्टिक निर्मित कचरे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में सीमेंट फैक्ट्री एसोसिएशन व तीन अन्य कंपनियों की ओर से दायर संशोधन प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए। कोर्ट ने कहा, सीमेंट की बोरियां प्लास्टिक रेशे से बनी होती हैं। जिसके रेशे नालियां चोक करते हैं। और इन बोरियों का उपयोग कर लोग मिट्टी व रेता भरकर दीवार बना रहे हैं।

जो पर्यावरण के लिए और भी हानिकारक है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तिथि नियत की है। बता दें कि इस मामले में पूर्व में कोर्ट ने 15 दिन के भीतर राज्य प्रदूषण बोर्ड में पंजीकरण कराए जाने के निर्देश दिए थे।

## उत्तराखंड में नौकरशाही का बोलबाला हावी: प्रणव

**नैनीताल।** खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने कहा कि उत्तराखंड में अधिकारियों का बोलबाला हावी है। जिससे राज्य के विकास में तेजी नहीं आ रही है। बोले, समुचित व्यवस्था न होने से राज्य के लोग व जनप्रतिनिधि पलायन कर रहे हैं। कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह सहारनपुर से सांसद का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कहा संगठन स्तर से उन्हें सहारनपुर कैराना और बिजनौर में किसी एक सीट से चुनाव लड़ने की सलाह दी है। खानपुर से उनकी पत्नी रानी देवयानी विधायकी का चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने उत्तराखंड के अधिकारियों पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तराखंड में मंत्रियों की नाकामी के चलते अधिकारी हावी हैं। प्रदेश में काबिल जनप्रतिनिधियों को मंत्री नहीं बनाया जा रहा। जिसके चलते उत्तराखंड का विकास रुक रहा है।

## खतरे में बिजली आपूर्ति, कभी भी धराशायी हो सकते हैं खंभे और लाइनें



**देहरादून ।** जोशीमठ शहर और आसपास के गांवों में भू-धंसाव की वजह से बिजली आपूर्ति भी खतरे में आ गई है। एक ओर जहां यूपीसीएल के खंभे और लाइनें कभी भी धराशायी हो सकती हैं, वहीं पिटकुल का 66 केवी सब स्टेशन भी शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो गई है।

यूपीसीएल का बिजली घर खतरे में है। इसके अलावा आपूर्ति को बिछाई गई लाइनें और खंभे कभी भी गिर सकते हैं। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने चीफ इंजीनियर की अगुवाई में एक टीम वहां भेजी थी। टीम की सिफारिश पर यूपीसीएल की ओर से सामान भेजा जा रहा है। एमडी ने बताया कि खतरे के दायरे में आए सभी खंभे हटाए जाएंगे। लाइनों को भी सुरक्षित किया जा रहा है।

पिटकुल के एमडी पीसी ध्यानी ने सोमवार को अपनी टीम के साथ जोशीमठ में निरीक्षण किया। पिटकुल का 66 केवी का सबस्टेशन भी भू-धंसाव के खतरे की जद में आ गया है। आसपास की जमीन धंस रही है। निरीक्षण के बाद एमडी ने सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम और एडीएम अभिषेक त्रिपाठी से सब स्टेशन को शिफ्ट करने पर चर्चा की। इसके लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं, चीफ इंजीनियर गढ़वाल को अग्रिम आदेशों तक जोशीमठ में ही कैंप करने को कहा गया है। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं, लाइनों, टावरों और सब स्टेशनों पर प्रभाव की समीक्षा कर रिपोर्ट एमडी को देंगे।

## जोशीमठ बचाने को चाहे किसी जल विद्युत परियोजना की बलि देनी हो तो दी जाए: हरीश रावत

**चमोली।** जोशीमठ में दिनोंदिन बिगड़ते हालात के लिए कांग्रेस ने प्रदेश सरकार एवं उसकी मशीनरी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जोशीमठ में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जोशीमठ के कण-कण की सुरक्षा का दायित्व प्रदेश सरकार का है। जोशीमठ नगर का अपना विशेष धार्मिक, सांसतिक महत्व है इसलिए जोशीमठ नगर को बचाया जाना आवश्यक है। हरीश रावत ने कहा कि जोशीमठ बचाने के लिए चाहे तो किसी जल विद्युत परियोजना की बलि देनी हो तो दी जाए।

साथ ही यदि आवश्यक हो तो बाईपास निर्माण एवं चारधाम परियोना पर भी रोक लगाई जाए। कहा कि जोशीमठ को सुरक्षित करने के बाद जोशीमठ को पूर्ण सुरक्षित करने के बाद वैज्ञानिकी अध्ययन जोशीमठ के संबंध में किया जाए और यदि वैज्ञानिक अनुमति दें तो ही किसी भी प्रकार की विकास की योजना बनाई जाए। कहा कि फिलहाल सभी निर्माण रोके जाने आव-श्कय हैं।

## देश में मौजूद हैं ओमिक्रन के सभी सब-वैरिएंट

### कोरोना के खतरे के बीच सरकार ने दी यह अहम जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण मचे हाहाकार के बीच भारत सरकार के ओमिक्रन वैरिएंट के सब वैरिएंट्स के बारे में बड़ी जानकारी दी है। सरकार ने बताया है कि भारत में ओमिक्रन वैरिएंट और उसके सब वैरिएंट मौजूद हैं। कोविड पजिटिव नमूनों की सेंटिनल सीक्वेंसिंग की जांच में यह सामने आया है। सरकार ने यह भी बताया है कि इस सर्वेक्षण के लिए 324 कोविड पजिटिव नमूनों की जांच की गई थी। हालांकि जिन क्षेत्रों में ओमिक्रन के इन सब वैरिएंट के बारे में जानकारी मिली है वहां कोरोना के कारण मृत्यु दर या महामारी के प्रसार में वृद्धि की सूचना नहीं मिली है।

भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां स्थिति फिलहाल काफी नियंत्रित दिख रही है। संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार ने जांच और बचाव के उपायों को तेज कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश में फिलहाल कोरोना के एक्सबीबी .15, ओमिक्रन सब-वैरिएंट बी एफ 7 और ग्ठठ वैरिएंट्स के मामले देखे जा रहे हैं, इन तीनों की संक्रामकता दर काफी अधिक है। इनमें से एक को अब तक का सबसे खतरनाक वैरिएंट भी माना जा रहा है।

भारत में कोरोना के जिन तीनों वैरिएंट्स के मामले देखे जा रहे हैं, उनकी प्रति अधिक संक्रामकता वाली है। हालांकि एक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन में कोविड -19 की तकनीकी प्रमुख और महामारी विशेषज्ञ मारिया वैन केरखोव ने बताया कि फिलहाल इन दिनों एक्सबीबी.15 का वैश्विक खतरा बढ़ रहा है। यह ओमिक्रन का अब तक का श्सबसे संक्रामक और खतरनाक रूपश है। काफी कम समय में यह करीब 30 देशों में फैल गया है।

## उत्तराखण्ड में मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रबल संभावनाएं : सीएम

### आधुनिकतम तकनीक को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी उचित मार्केटिंग की व्यवस्था भी की जाए। लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन के क्षेत्र में राज्य में प्रबल संभावनाएं हैं।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक लाभ मिले। राज्य में मत्स्य पालन को और तेजी से बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा पांच लक्ष्य तय किये जाएं, उनको फोकस करते हुए समयबद्धता के साथ आगे कार्य किये जाएं। राज्य में मछली की खपत के अनुरूप उत्पादन हो इस दिशा में भी तेजी से प्रयास किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विभाग यह सुनिश्चित करें कि विज्ञान और तकनीक के आधार पर कार्य किये जाएं। कार्यों में आधुनिकतम तकनीक को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन योजनाओं में केन्द्र एवं राज्य का अंश 90 एवं 10 के अनुपात में हो उनको अधिक प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि उधमसिंहनगर में राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड एक्वापार्क के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही जल्द पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना से भी अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि तालाबों के निर्माण से उनमें मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है, वहीं जल संरक्षण की दिशा में भी यह सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि कलस्टर बनाकर तालाबों का निर्माण किया जाए और उनके माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़-ावा दिया जाए। मत्स्य पालन के क्षेत्र में जिन राज्यों में अच्छा कार्य हो रहा है, उनमें से कुछ कार्य बैस्ट प्रैक्टिस के रूप में किये जाएं।

मत्स्य पालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पिथौरागढ़ के डुंगरी ग्राम में कलस्टर के आधार पर तालाबों का निर्माण कराया गया है, जो मॉडल काफी सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा एंग्लिंग टूरिज्म पर भी कार्य किये जा रहे हैं। मत्स्य पालकों को मार्केट लिंकेज एवं कोल्ड चैन के विकास की ओर अधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत है। राज्य में ट्राउट फार्मिंग को तेजी से बढ़ावा दिया गया है। ट्राउट फार्मिंग के लिए राज्य में 40 से अधिक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां कार्य कर रही हैं। सचिव मत्स्य बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने कहा कि राज्य में दो हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से मत्स्य पालन से जुड़े हैं।

राज्य में 40 एग्लिंग साइड पर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 71.03 करोड़ रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 48.79 करोड़ के प्रोजक्ट स्वीकृत हुए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव श्अरूणेन्द्र चौहान, योगेन्द्र यादव उपस्थित थे।

## देवधार रेंज में मिला गुलदार का शव, वन विभाग में हड़कंप

**विकासनगर :** चकराता वन प्रभाग अंतर्गत देवघार रेंज अणू गांव के समीप गुलदार का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारियों ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू करने की बात कही है। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे रेंज कार्यालय त्यूणी को अणू के ग्रामीणों ने गांव के समीप गुलदार के पड़े होने की सूचना दी।

सूचना मिलने पर वन कर्मी मौके पर पहुंचे। वन दरोगा हरपाल नेगी ने बताया कि अणू गांव से दो सौ मीटर आगे अटाल की ओर जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे खाई में गुलदार मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। वन क्षेत्राधिकारी हरीश चौहान ने बताया कि दो से ढाई वर्ष की उम्र की मादा गुलदार थी, जिसके शव को त्यूणी मुख्यालय में रखा गया है। पीएम के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

बताया कि मादा शावक के शरीर से किसी भी अंग को नहीं निकाला गया है, जिससे प्रथम दृष्टया तस्करी की बात सामने नहीं आई है। लेकिन वास्तविक कारणों का पता पीएम के बाद चलेगा। बताया कि डीएफओ के निर्देश पर मंगलवार को सक्षम अधिकारियों और चिकित्सकों के पैनल पीएम की प्रक्रिया पूरी करेगा। (एजेंसी)

## घने कोहरे में खंबे से टकराई बस, चालक की मौत

**विकासनगर :** सोमवार सुबह डाकपत्थर से देहरादून जा रही बस हरबर्टपुर में घने कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर खंबे से टकरा गई। इससे बस के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गये। इस दौरान बस चालक की गंभीर चोटें लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बस के कंडक्टर सहित दो लोग घायल हो गये। बस में करीब सोलह लोग सवार थे, जो सुरक्षित हैं। घायलों को लेहमन अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।सोमवार तड़के निजी बस डाकपत्थर से सवारियों को लेकर देहरादून के लिए सुबह छह बजे निकली थी। करीब साढ़े छह बजे जब बस हरबर्टपुर पहुंची तब घना कोहरा छाया हुआ था। इससे सड़क साफ नजर नहीं आ रही थी। इस दौरान रोडवेज की बस भी देहरादून की ओर जा रही थी। चालक ने रोडवेज की बस को ओवरटेक किया और बस आगे निकल गयी। लेकिन घने कोहरे में बस चालक को डिवाइडर और खंभा नजर नहीं आया। इससे बस डिवाइडर पर चढ़कर खंबे से टकरा गई, जिससे बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में बस चालक अशोक कुमार शर्मा (56) पुत्र हंसराज शर्मा निवासी शिवपुरी डाकपत्थर के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। बस चालक की मौके पर ही मौत हो गयी।



जबकि बस कंडक्टर अनस पुत्र ताहिर निवासी ढाकी सहसपुर और रमेश कुमार पुत्र हरीश चंद्र निवासी चंदेली पुरोला उत्तरकाशी को गंभीर चोटें आयी। मौके पर जुटी भीड़ में शामिल लोगों और पुलिस ने दोनों घायलों को लेहमन अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। बस में सवार अन्य लोगों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला गया। चौकी प्रभारी मिथुन ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। (एजेंसी)

## सीडीएस बनने के बाद पहली बार देवभूमि आएंगे ले. जनरल चौहान

**देहरादून।** चीफ अफ आर्मी स्टफ (सीडीएस) बनने के बाद पहली बार लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) अनिल चौहान देवभूमि आएंगे। वह 14 जनवरी को कैंट क्षेत्र के चीड़बाग स्थित प्रदेश के पहले वर मेमोरियल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जीओसीओ उत्तर भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू, आर्मी कमांडेंट योगेंद्र डिमरी समेत सेना के अन्य अफसर भी शिरकत करेंगे। ये सभी जौलीग्रांट एयरपोर्ट से हेलीकप्टर के माध्यम से सीधे डीएसओआई हेलीपैड आएंगे।

### अगले चार दिन बारिश-बर्फबारी के आसार, शीतलहर का प्रकोप

## 15 जनवरी तक प्रदेश के सभी स्कूल बंद



**देहरादून ।** उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम की मार पड़ने वाली है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार से लेकर अगले चार दिनों तक पहाड़ से लेकर मैदान तक जहां हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं , वहीं तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में जबरदस्त बर्फबारी होने की भी संभावना है।

वहीं, प्रदेश में शीतलहर के बढ़ते प्रकोप के चलते कक्षा एक से 12 वीं तक के सभी स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। शिक्षा सचिव रविनाथ रमन की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है। शिक्षा सचिव ने शिक्षा महानिदेशक को दिए निर्देश में कहा, प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है, जिसे देखते हुए राज्य के सभी सरकारी, अशासकीय एवं निजी स्कूलों को 15 जनवरी तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कहा, निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाए।

शासन के निर्देश के बाद शिक्षा महानिदेशालय की ओर से भी निर्देश जारी कर दिया गया है। प्रदेश के सरकारी पर्वतीय क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षा विभाग की ओर से पहले ही 26 दिसंबर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक शीतकाल अवकाश घोषित किया गया है, जबकि मैदानी क्षेत्रों के स्कूलों में एक जनवरी 2022 से 13 जनवरी 2023 तक अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अत्यधिक ठंड से शासन ने अब सभी स्कूलों को 15 जनवरी तक बंद रखने निर्णय लिया है।

मौसम विज्ञानियों की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम के बदले मिजाज का असर सबसे अधिक असर जोशीमठ के उन हजारों लोगों पर पड़ेगा जो पहले से ही भू धंसाव के चलते जबरदस्त विस्थापन के संकट का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं मौसम विज्ञानियों ने अगले 24 घंटे के भीतर हरिद्वार और उधमसिंहनगर में शीतलहर के साथ ही घने कोहरे की भी संभावना जताई है।

## जर्जर व दरार वाले भवनों को शीघ्र ध्वस्त करें : मुख्य सचिव

**देहरादून :** मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने कहा कि जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव को देखते हुए हमारे लिए एक-एक मिनट बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रभावित क्षेत्र में रह रहे लोगों को अविलम्ब सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। मुख्य सचिव ने भू-धंसाव क्षेत्र में टॉ इरोजन को रोकने के लिए आज से ही कार्य शुरू किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन भवनों में दरारें आ चुकी हैं और जर्जर हो चुके हैं, उन्हें शीघ्र ध्वस्त किया जाए, ताकि वे भवन और अधिक नुकसान न करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेषज्ञों आदि को प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने में समय न लगे इसके लिए चॉपर से पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मैन पावर को बढ़ाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में जोशीमठ भू-धंसाव के सम्बन्ध में शासन में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र को अविलम्ब खाली कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, लोगों को जिस स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है, वहां पेयजल आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल विभाग को भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्र में टूटी पेयजल लाईनों, सीवर एवं विद्युत लाईनों आदि को भी दुरूस्त करें। उन्होंने कहा कि भू-धंसाव के कारण पेयजल की टूटी लाइनों से भू-धंसाव बढ़ने और विद्युत लाईनों से प्रभावित क्षेत्र में जानमाल का नुकसान न हो इसके लिए लगातार क्षेत्र पर नजर बनाए रखें। मुख्य सचिव ने उच्चाधिकारियों को भी क्षेत्र में बने रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव नितेश झा एवं डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

# जोशीमठ में भूधंसाव को लेकर सरकार गंभीर : धन सिंह



## प्रभावित लोगों से की धैर्य रखने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सोमवार को जोशीमठ पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से मिले। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से नगर वासियों के साथ खड़ी है। प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की जाएगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में धैर्य रखने की आवश्यकता है। जोशीमठ में भूधंसाव को लेकर सरकार गंभीर है। सरकार ने यहां पर तत्काल एक्शन भी लिया है। भारत सरकार ने भी इस समस्या का संज्ञान लिया है। विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा जोशीमठ में भूधंसाव कारणों का अध्ययन किया जा रहा है। समस्या का पता लगने पर सब लोगों के सुझाव और सहमति लेकर उचित समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से धैर्य रखने की अपील की। प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। प्रभावित लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जाए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रभारी मंत्री को आपदा राहत के तहत संचालित कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट भी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम मुस्तैद



चमोली : मेडिकल टीम द्वारा जोशीमठ में प्रभावित लोगों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक दवा एवं चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मेडिकल टीम राहत शिविरों के अलावा घर-घर जाकर भी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। साथ ही प्रशासन द्वारा गरम कंबल व ड्राई राशन किट उपलब्ध कराए जा रहे है। राहत शिविरों में मूलभूत सुविधाओं का प्रशासन द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है और प्रभावित लोगों को हर संभव मदद दी जा रही है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि कोई भी आवश्यकता पड़ने पर तत्काल निराकरण किया जाएगा।



## कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और कैबिनेट मंत्री ने राजभवन परिसर में स्थापित नक्षत्र वाटिका और बोनसाई गार्डन का भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि राजभवन के बोनसाई गार्डन में 50 वर्ष से अधिक आयु तक के 500 से अधिक बोनसाई पेड़–पौधों को संरक्षित किया गया, सभी पौधों की देखभाल वैज्ञानिक विधि से की जाती है।

## साइबर अपराधों की बेहतर जांच हेतु पुलिस लाइन में हुई कार्यशाला

देहरादून। बढ़ते साइबर अपराध के केसों की बेहतर जांच के लिए पुलिस लाइन में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिसमें साइबर अपराध और बैंक खातों से होने वाली धोखाधड़ी के केसों में जांच को लेकर जानकारी दी गई। पुलिस लाइन में एक्सिस बैंक फ्राड कंट्रोल यूनिट की तरफ से हुई कार्यशाला में गढ़वाल रेंज से 50 विवेचना अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान आईजी गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल ने कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके रोकथाम के साथ ही जन जागरूकता भी जरूरी है। बैंक के अफसरों ने जांच में गुणवत्ता और सुधारों को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर रिटायर एएसपी जीपी नैनवाल, अपर उप निदेशक एक्सिस बैंक फ्राड कंट्रोल यूनिट देहरादून सचिन मोहन शामिल रहे।

## उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने की राज्यपाल से मुलाकात



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम द्वारा ओडिशा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की ह्यकलिंगा ट्रॉफीह्न जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने ओडिशा में आयोजित चार राज्यों की क्रिकेट प्रतियोगिता जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा की आप सभी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह अन्य लोगों के लिए भी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आप सभी खिलाड़ी एक हीरो और आइकॉन हैं। राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा उत्तराखण्ड में व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सफलता की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने एसोसिएशन समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और कहा की इसके लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशने होंगे।

## एक नजर

### समस्याओं का समाधान न होने पर गल्ला विक्रेता करेगें हड़ताल

टिहरी : जौनपुर ब्लॉक के सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने बैठक कर राशन वितरण को लेकर हो रही दिक्कतों को लेकर चर्चा की। बैठक में गल्ला विक्रेताओं ने सरकार की ओर से समस्याओं का समाधान नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है। नैनबाग में आयोजित सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने संगठन की समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव दिए। संगठन अध्यक्ष गीताराम बिजल्वाण ने कहा कि विक्रेताओं को राशन वितरण बायोमेट्रिक प्रणाली से करने में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। साथ ही गल्ला विक्रेताओं को भाड़ा न मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गल्ला विक्रेताओं ने सरकार से उन्हें बायोमेट्रिक प्रणाली के लिए रिचार्ज खर्च दिए जाने और समय पर वाहन भाड़ा दिए जाने की मांग की है। संगठन ने मांगों पर कार्रवाई न होने पर फरवरी माह से हड़ताल की चेतावनी दी है। बैठक में कोषाध्यक्ष मगन लाल नौटियाल, सचिव मोहनलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष जबर सिंह चौहान, बलबीर सिंह बिष्ट, इंद्र सिंह तोमर, योगेश्वर प्रसाद नौटियाल, भरत रावत, विनोद रावत, स्वराज कवि, राजेंद्र प्रसाद कवि, रघुवीर रावत, शमशेर रमोला, सरदार अजीत कांबोज आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### जोशीमठ भूधंसाव के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

चमोली : जोशीमठ में दिनोंदिन बिगड़ते हालात के लिए कांग्रेस ने प्रदेश सरकार एवं उसकी मशीनरी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जोशीमठ में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि जोशीमठ के कण-कण की सुरक्षा का दायित्व प्रदेश सरकार का है। जोशीमठ नगर का अपना विशेष धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व है इसलिए जोशीमठ नगर को बचाया जाना आवश्यक है। हरीश रावत ने कहा कि जोशीमठ बचाने के लिए चाहे तो किसी जल विद्युत परियोजना की बलि देनी हो तो दी जाए। साथ ही यदि आवश्यक हो तो बाईपास निर्माण एवं चारधाम परियोजना पर भी रोक लगाई जाए।

## वीडीओ दफ्तर में लगाया ताला, देवाल प्रधान संघ ने किया प्रदर्शन



चमोली : देवाल प्रधान संघ ने मनरेगा में एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर वीडीओ दफ्तर में ताला जड़कर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। सहायक खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। सोमवार को प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट की अगुवाई में देवाल विकास खंड प्रांगण में प्रधान इकट्ठा हुए और अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए खंड विकास अधिकारी कार्यालय में ताला लगा कैंपस में सांकेतिक धरना दिया। प्रधानों ने कहा है कि 1 जनवरी से मनरेगा के अंतर्गत राज्य में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू किया गया है, जिस पर प्रधानों ने घोर आपत्ति जताई है। कहा कि राज्य की विषम भौगौलिक परिस्थिति होने से अधिकांश गांवों में नेटवर्क नहीं आता है, गांव में कई किमी पैदल चलना पड़ता है। ऐसे में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना संभव नहीं है। इस नियम को रद्द किया जाए। मनरेगा के मजदूरों व सामग्री का भुगतान किया जाय, केन्द्रीय वित्त से ग्राम पंचायतों को मिलने वाले 15वें वित्त की धनराशि ग्राम पंचायत को नहीं मिली है। जिससे विकास कार्य ठप है। 2022-23 की कार्ययोजना में एक भी कार्य नहीं हुए हैं। कोरोना प्रोत्साहन राशि व पंचायत आपदा राशि दस–दस हजार रुपये देने की घोषणा पूरी नहीं हुई है।

## मंदिर के पुजारी से मारपीट पर आक्रोश, केस दर्ज

देहरादून। नशे में धुत युवकों पर मंदिर में घुसकर पुजारी से मारपीट करने और दान पेटी की चाबी लेने की कोशिश करने का आरोप है। आरोपी मंदिर पर कब्जा करने की नीयत से भी वहां उत्पात करते हैं। तहरीर पर रायपुर थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदम राम ने बताया कि अमन भट्ट समेत 19 लोगों की तरफ से तहरीर दी गई। जिस पर शुरुआती जांच के बाद केस दर्ज किया गया है। कहा कि वाणी विहार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में अमन भट्ट पुजारी हैं। आरोप है कि दो जनवरी की रात करीब पौने आठ बजे मोहित और नितिन शराब के नशे में मंदिर में पहुंचे। आरोप है कि वहां पुजारी से दान पेटी की चाबी मांगी।

## ट्रैफिक पुलिस ने कराया संडे बाजार लगवाने वालों पर मुकदमा दर्ज

देहरादून। विकली बाजार कल्याण समिति की तरफ रेंजर्स मैदान में लगने वाले संडे बाजार के संचालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने केस दर्ज कराया है। बाजार के लिए पार्किंग व्यवस्था न होने और इसके चलते बुद्धा चौक के आसपास दिनभर जाम लगे रहने के कारण कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक अक्षय कोंडे ने बताया कि संडे बाजार में आने वाले वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क नहीं कराया जाता है और न ही व्यवस्था के लिए निजी गार्ड तैनात हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है। इसे लेकर बीते 13 नंवबर को बाजार लगवाने वाली समिति के संचालक को हिदायत दी गई थी। इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ। बीते रविवार को बाजार लगा तो रेंजर्स ग्राउंड के पास बुद्धा चौक, लैंसडौन चौक और दर्शनलाल चौक के पास ट्रैफिक बाधित हुआ। जाम से वाहनों की लंबी कतार लग गई। ट्रैफिक पुलिस ने यहां मशक्कत करते हुए यातायात सामान्य कराया।

मौके की वीडियोग्राफी कराते हुए शाम को बाजार बंद कराया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर की तरफ से शहर कोतवाली में बाजार लगाने वालों के खिलाफ केस दर्जकराया गया है।

## माघ मरोज पर्व का कयलू मंदिर से हुआ आगाज

विकासनगर। जौनसार बावर परगने में एक माह तक मनाए जाने वाले माघ मरोज पर्व का आगाज हनोल के कयलू मंदिर में चुरांच का बकरा कटने के साथ हुआ। बुधवार को बावर की ग्यारह खतों में किसराट मनाई जाएगी। जबकि गुरुवार से जौनसार की 28 खतों में माघ मरोज पर्व का आगाज होगा। क्षेत्र में एक माह तक पंचायती आंगन लोक संस्कृति से गुलजार रहेंगे। जौनसार–बावर अपनी अनूठी संस्कृति के लिए विख्यात है। यहां स्थानीय स्तर पर कई त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें से एक माह तक मनाया जाने वाला माघ मरोज पर्व प्रमुख है। पर्व की शुरुआत हनोल कयलू मंदिर में चुरांच का बकरा कटने से होती है। एक माह तक पंचायती आंगनों में हारुल, तांदी नृत्यों का दौर चलता है। बावर, देवघार, बाणाधार, मशक सहित चकराता से ऊपर के बावर क्षेत्र में बुधवार से पर्व की शुरुआत होगी। जबकि जौनसार में गुरुवार को माघ का बकरा कटने के साथ एक माह के पर्व का आगाज होगा। बावर में गुरुवार को सिराच मनाई जाएगी। जबकि जौनसार में पर्व के आगाज के बाद मसांद, पाऊणाई, बोईदाणा मनाया जाता है। मेहमान नवाजी के लिए विख्यात माघ मरोज पर्व की शुरुआत के आठ दिन बाद मेहमानों का आगमन शुरू होता है।

## लूट के इरादे से दून पहुंचे बदमाश को 7 साल की सजा

देहरादून। लूट के इरादे देहरादून पहुंचे कार सवार चार बदमाशों में एक को कोर्ट ने सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर कुल दो हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। उसने कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। शासकीय अधिवक्ता राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना छह नवंबर 2015 की है। रायपुर थाना पुलिस ने दोनाली इलाके से दिल्ली नंबर की कार में सवार चार बदमाश गिरफ्तार किए थे। जिनकी पहचान मगनवीर, विक्रांत, भूप सिंह उर्फ भूपेंद्र और सचिन के रूप में हुई। आरोपी कार से यहां लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचे।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 113 शिकायतें प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आज आयोजित जनसुनवाई में 113 शिकायतें प्राप्त हुए। जिनमें कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जनसुनवाई में अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, अवैध अतिक्रमण, से संबंधित प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त शस्त्र लाइसेंस बनवाने, अवैध वर्कशॉप संचालित करने, सीवर लाइन में कनेक्शन दिलवाने, डॉल बिटटे के नाम पर पेड़ काटे जाने, पुस्तेनी मकान में हिस्सा दिलाने, सड़क ठीक कराने, अवैध निर्माण आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने देहराखास में निर्माण के दौरान खोदी गई सड़क का समतलीकरण न किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एडीबी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन निर्माण कार्य के उपरान्त सड़क का समतलीकरण करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या फोटो एवं वीडियो सहित प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण करने तथा शिकायत की स्थिति से संबंधित को अवगत कराने के निर्देश दिए।

## बिजली बिलों का भुगतान करवाकर जलापूर्ति सुचारु करवाने की मांग की

विकासनगर। सेलाकुई क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से नलकूपों का बिजली कनेक्शन काटे जाने के कारण नलकूप बंद पड़े हैं। इससे सेलाकुई के लोगों को पेयजल का संकट का सामना करना पड़ रहा है। सेलाकुई के पूर्व प्रधान और उपप्रधान ने जिलाधिकारी से ऊर्जा निगम के बिलों का भुगतान करवाकर पेयजल आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है। स्वजल विभाग की ओर से सेलाकुई क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति के लिए पुलिस चौकी के पास जमनपुर क्षेत्र और बंजारा गली में नगर क्षेत्र के लिए दो नलकूप पेयजल योजनाएं बनाई गईं। इनके अनुरक्षण और प्रबंधन का कार्य उपभोक्ता पेयजल और स्वच्छता समिति को सौंपा गया। ग्रामीणों से बकायदा बिल समिति की ओर से वसूला जाता रहा। लेकिन ऊर्जा निगम के बिल का समिति की ओर से कोई भुगतान नहीं किया गया। दोनों पेयजल योजनाओं का बिजली का बिल कई सालों तक जमा न होने के कारण समिति के ऊपर ऊर्जा निगम का साठ लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया हो गया। लेकिन बिल जमा नहीं किया गया। इसके बाद ऊर्जा निगम ने दोनों पेयजल नलकूप योजनाओं के कनेक्शन काट दिए। इसके बाद से योजनाओं से जलापूर्ति ठप हो गयी। तब से लेकर सेलाकुई के लोगों ने विधायक से लेकर मंत्री तक गुहार लगाई।

## धोखाधड़ी से जमीन बेचने में एक और आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। फर्जी दस्तावेज बनाकर पूर्व पीसीएस अधिकारी की जमीन बेचने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में धोखाधड़ी से जमीन बेचने वाला एक गिरोह सक्रिय था। गिरोह ऐसी जमीनों को ढूंढता था, जिसके मालिक या तो मर चुके हैं, या फिर कहीं बाहर रह रहे हैं। बाद में गिरोह जमीन के मालिक के नाम से फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार करके जमीन सस्ते दाम में दूसरों को बेच देता था। बताया कि मुजफ्फरनगर जिले में एसडीएम रहे खड़क सिंह की बालावाली में खेती की जमीन थी। खड़क सिंह की मृत्यु हो चुकी है।

## खनन सामग्री से भरे 13 डंपर ओवर लोडिंग में सीज

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश की ओर से उत्तराखंड में आने वाले खनन सामग्री के वाहनों में ओवरलोडिंग को लेकर पछुवादून पुलिस ने रविवार देर रात को अभियान चलाया। अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर खनन सामग्री से भरे डंपरों में निर्धारित मात्रा से अधिक खनन सामग्री पायी गयी। पुलिस ने ऐसे 13 डंपर के खिलाफ एमवी ऐक्ट में कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को सीज कर दिया है। विकासनगर, सहसपुर व सेलाकुई पुलिस ने रविवार देर रात को नौ बजे के बाद हिमाचल प्रदेश की ओर से आने वाले खनन से भरे वाहनों में खनन सामग्री की ओवरलोडिंग को लेकर अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस को हिमाचल प्रदेश की ओर से आने वाले खनन के 13 डंपरों में निर्धारित मात्रा से तीन से चार गुना अधिक खनन सामग्री मिली। इससे उत्तराखंड सरकार को बड़े पैमाने पर खनन से मिलने वाले राजस्व का नुकसान होना पाया गया। विकासनगर कोतवाली पुलिस ने सर्वाधिक छह डंपर सीज किये। जबकि सहसपुर पुलिस ने चार डंपर व सेलाकुई पुलिस ने तीन डंपर ओवर लोडिंग में सीज किये। सीओ विकासनगर संदीप सिंह नेगी ने बताया कि खनन से भरे ओवरलोड वाहनों व अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## विकास ही बन रहा पहाड़ों के विनाश का कारण

विकासनगर। अक्षांश फाउंडेशन उत्तराखंड के निदेशक ने जोशीमठ की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि पहाड़ों के लिए विकास ही विनाश का कारण बन रहा है।

## वायरल वीडियो पर बार एसोसिएशन ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अंकिता भंडारी के पिता के वीडियो पर कोटद्वार बार एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि वीडियो में अंकिता के पिता अधिवक्ता अमित सजवाण को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। एसोसिएशन ने पुलिस से अधिवक्ता अमित सजवाण को सुरक्षा प्रदान करने की मांग उठाई। सोमवार को बार एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं ने वीडियो का विरोध किया। कहा कि एक अधिवक्ता के खिलाफ इस तरह अनर्गल टिप्पणी करना गलत है। इससे अधिवक्ता की छवी को क्षति पहुंची है। कहा कि पुलिस को उक्त वीडियो को गंभीरता से लेते हुए अंकिता के पिता व उनके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार पंत, सुनील डोबरियाल, रश्मि चंदोला, कृष्ण कुमार भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# बिना रसीद वसूली का आरोप, दुकानदार व निगम कर्मी के बीच हंगामा

### बिना रसीद दिए हाट बाजार के दुकानदारों से वसूल रहा था पैसे

### पार्षदों ने सहायक नगर आयुक्त से की कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : पूर्व में हुए नगर निगम के घोटालों की आंच अभी ठंड़ी भी नहीं हुई की अब नगर निगम के एक कर्मचारी पर बिना रसीद दिए तहबाजारी वसूलने का आरोप लग गया है। उक्त कर्मचारी झंडीचौड़ में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में दुकानदारों को बिना रसीद दिए पैसा वसूल रहा था। इस दौरान दुकानदारों व निगम कर्मी के बीच बाजार में खूब हंगामा भी देखने को मिला। भाबर क्षेत्र के पार्षदों ने नगर आयुक्त से पूरे मामले की जांच कर निगम कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



झंडीचौड़ में तयबाजारी क रसीद के लिए निगम कर्मी का विरोध करते दुकानदार

नियमानुसार, नगर निगम बाजार में लगने वाली रेहड़ी-ठेली व अन्य दुकानों से तहबाजारी वसूलता है। इसके एवज में दुकानदार को तहबाजारी की रसीद भी दी जाती है। लेकिन, रविवार शाम भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ में लगने वाले हाट बाजार में बिना रसीद दिए तहबाजारी वसूल रहे निगम के एक कर्मचारी पर दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा।

दुकानदारों का आरोप है कि जब उन्होंने कर्मचारी से तहबाजारी की रसीद देने को कहा तो वह अभद्रता करने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि व्यापारियों व निगम कर्मी के बीच बाजार में धक्का-मुक्की होने लगी। मौके पर पहुंचे पार्षदों ने मामले को शांत करवाया। इसके उपरांत सोमवार को नगर निगम में पहुंचे पार्षद अमित नेगी, सुखपाल शाह, रोहणी देवी, विपिन डोबरियाल, अनिल नेगी ने सहायक नगर आयुक्त से पूरे मामले की जांच करवाने की मांग उठाई।

## नुक्कड़ नाटक से बताए नशे के दुष्परिणाम



महाविद्यालय में आयोजित नुक्कड़ नाटक में भाग लेते शिक्षक व अन्य।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एंटी रैंकिंग क्लब ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान युवाओं ने नशे से दूर रहकर बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। सोमवार को महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. जानकी पंवार ने विद्यार्थियों को नुशे के दुष्परिणाम बताए। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। कहा कि नशा ही अपराध की पहली सीढ़ी है। इसलिए हम सभी को नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखनी चाहिए और अन्य लोगों को भी नशे से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि नशे से ग्रसित इंसान से उसका परिवार सहित समाज भी नफरत करने लगता है। तत्पश्चात क्लब से जुड़े छात्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मारपीट मामले में दो पर केस दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कोतवाली पौड़ी क्षेत्र में एक व्यक्ति को दो लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल के पुत्र की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी व उसके अज्ञात दोस्त पर मारपीट व जान से मारने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल पौड़ी गोविंद कुमार ने बताया कि 5 जनवरी की रात को अपर बाजार निवासी अब्दुल गफ्फार का पौड़ी बस अड्डे स्थित एक होटल के पास दो युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान अब्दुल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उन्हें पौड़ी के जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया। जहां से उन्हें चिकित्सकों ने हायर सेंटर श्रीनगर के लिए रेफर कर दिया।

अब मामले में अब्दुल के पुत्र आशीम ने पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद रिजवान और उसके अज्ञात दोस्त के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया कि आरोपी पौड़ी के ही रहने वाले हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# ताइक्वांडो में गौरव रावत रहा प्रथम

### युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित की जा रही हैं प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित ताइक्वांडो अंडर-14 प्रतियोगिता में गौरव रावत प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

सोमवार राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित खेलों का जिला युवा कल्याण अधिकारी कुशलानंद गैरोला एवं टीसीजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नीना ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत हैंडबाल प्रतियोगिता अंडर-17 के बालक वर्ग में दुगड्डा ब्लाक प्रथम, पौड़ी ब्लाक द्वितीय तथा जयहरीखाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-21 के बालक वर्ग में दुगड्डा ब्लाक प्रथम, पौड़ी ब्लाक द्वितीय तथा रिखणीखाल ब्लाक तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-21 बालिका वर्ग में पौड़ी ब्लाक प्रथम, जयहरीखाल द्वितीय तथा पोखडा ब्लाक तृतीय स्थान पर रहे। बास्केटबाल के अंडर-21 के बालक वर्ग में दुगड्डा प्रथम, खिर्सू द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



कोटद्वार स्टेडियम में तइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

बास्केटबाल के अंडर-17 के बालक वर्ग में दुगड्डा प्रथम, पौड़ी ब्लाक द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में दुगड्डा प्रथम, जयहरीखाल द्वितीय स्थान पर रहे। तइक्वांडो प्रतियोगिता के अंडर-14 के बालक वर्ग में गौरव रावत प्रथम, दिव्याशु द्वितीय व मानव तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग के 48 किलोग्राम भार वर्ग में विमल प्रथम, सुमन थापा द्वितीय व सुमित तृतीय स्थान पर रहे। 53 किलोग्राम भार वर्ग में अरूण थापा प्रथम, मयंक नेगी द्वितीय स्थान पर रहे। 61 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित प्रथम, ओम द्वितीय स्थान पर रहे।

बालिका वर्ग में मुस्कान प्रथम व राजलक्ष्मी द्वितीय स्थान पर रही। 59 किलोग्राम भार वर्ग में खुशी प्रथम, व सुरभि द्वितीय स्थान पर रही। 57 किलो भार वर्ग में संजय थापा प्रथम, सौरभ सिंह द्वितीय व विवेक तृतीय स्थान पर रहे। 74 किलो भार वर्ग में पीयूष प्रथम, अमन द्वितीय व शुभम रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 87 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक तिवारी प्रथम, शेखर कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न करवाने में नितिन नेगी, विनोद पंत, विनोद रावत, सुनील रावत, महेश कुकरेती, गोपाल जसोला, राजेश रावत, केएम सती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर धींरेंद्र कंडारी, गणेश थपलियाल, प्रवीण बिष्ट, सचिन सिंह मौजूद थे।

## कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 से, पर्यवेक्षक व समंवयक किए नियुक्त

**पौड़ी** : जिले में 26 जनवरी से शुरू हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू होगा। अभियान की सफलता के लिए कांग्रेस ने 28 पर्यवेक्षकों और तीन समन्वयक नियुक्त किये है। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धींरेंद्र प्रताप की सिफारिश और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद नेगी की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पौड़ी जिले में कांग्रेस के 26 जनवरी से शुरू होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता के लिए 28 पर्यवेक्षकों और तीन समन्वयक बनाए हैं। पौड़ी जिला कांग्रेस के पर्यवेक्षक एवं प्रदेश प्रवक्ता धींरेंद्र प्रताप ने बताया कि जिले के 13 ब्लाकों के तीन विधानसभा में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में शुरू होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए हर विधानसभा में आठ से नौ वरिष्ठ, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के नेताओं के ग्रुप को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति की गई है। सभी पर्यवेक्षकों को 15 जनवरी से पहले तीनों विधानसभा क्षेत्र के नगरों, उप नगरों और विकास खंड मुख्यालयों में कांग्रेस की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। धींरेंद्र प्रताप ने बताया कि इन 28 पर्यवेक्षकों के अलावा पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं सरिता नेगी को चौबट्टाखाल विधानसभा का समवंयक, पूर्व में पौड़ी विधानसभा प्रत्याशी रहे नवल किशोर को श्रीनगर विधानसभा व कविंद्र ईष्टवाल को पौड़ी का समन्वयक बनाया गया है। कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को भी गांव-गांव तक पहुंचाए जाने के लिए कार्यकर्ता जोश में हैं।

# सर्वर नहीं चलने से परेशान हुए उपभोक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बदरीनाथ मार्ग स्थित मुख्य डाघर में सर्वर नहीं चलने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार को पूरे दिन उपभोक्ता लाइन में खड़े रहकर सर्वर का इंतजार करते रहे। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी पहाड़ से आने वाले उपभोक्ताओं को उठानी पड़ी।

कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग स्थित मुख्यडाक घर में भारत संचार निगम लिमिटेड का सर्वर लगाया गया है। लेकिन, आए दिन बीएसएलएल का यह सर्वर उपभोक्तओं के साथ ही डाक घर कर्मियों को धोखा दे रहा है। ऐसे में डाकघर में आने वाले उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई




इंटरनेट से ली गई सर्वर डाउन की तस्वीर

चक्कर काटने के बाद भी उपभोक्ताओं के आनलाइन से संबंधित कार्य नहीं हो पाए। भाबर निवासी मयंक कुमार ने बताया कि इस माह के अंत में उनकी बेटी की शादी है। शादी में खरीदारी करने के लिए वह खाते से पैसे निकालने के लिए आए हुए थे। लेकिन, सर्वर नहीं होने के कारण उन्हें बिना पैसे लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

## परम सात्विक भोजन करें : जोशी

**श्रीनगर गढ़वाल** : कणोली टोल में मां भगवती राजराजेश्वरी मंदिर प्रागण (तप्पड़) में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महायज्ञ कथा में सोमवार को कथा व्यास आचार्य दीपक जोशी ने श्रद्धालुओं को मां भगवती की दिव्य कथा का रसपान कराते हुए कहा कि जो भी श्रद्धालु मां भगवती की कथा श्रवण करता है उसकी मनोकामना जरूर पूर्ण होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को परम सात्विक भोजन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे आचार-विचार पर अन्न का बड़ा असर पड़ता है। कहा कि मांस मदिरा का पान करने से तमोगुण प्रभावी हो जाता है। यदि इसका उपयोग किया तो यह गुण हमारे भीतर प्रवेश कर जाएगा। जिससे व्यक्ति क्रोधी, झगड़ालु व हिंसा करने वाला हो जाएगा। आयोजन में आचार्य नीरज गोदियाल, विमल सेमवाल, नितेश कोठारी, राहुल कुकशाल, संजय गोदियाल, अनूप रावत, तनुज बडोनी, धर्म सिंह रावतव, मुकेश बडोनी आदि योगदान दे रहे है।

# बेला अमी सैलून, केसीसी और दुर्गापुरी डेविल्स ने जीते मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के तीसरे दिन बेला अमी सैलून ने तल्ला मोटाढाक, केसीसी ने सिद्धबाबा-11 और दुर्गापुरी डेविल्स ने सिद्धबाबा क्लब जूनियर को पराजित किया।

सोमवार को शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के तीसरे दिन का पहला मुकाबला तल्ला मोटाढाक बनाम बेला अमी सैलून के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए तल्ला मोटाढाक ने 12 ओवरों में 71 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बेला अमी सैलून ने 5 विकेट शेष रहते नवें ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरा मुकाबला केसीसी बनाम सिद्धबाबा-11 के बीच खेला गया, जिसमें केसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 115 रनों का



आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए खिलाड़ी।

लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिद्ध बाबा क्लब 50 रनों पर ऑल आउट हो गया। तीसरा मैच दुर्गापुरी डेविल्स और सिद्ध बाबा क्लब जूनियर के बीच खेला गया। दुर्गापुरी डेविल्स ने सिद्ध बाबा क्लब जूनियर को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण देते हुए 10 ओवरों में 63 रनों पर रोक दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए दुर्गापुर की टीम ने सातवें ओवर में ही जीत हासिल कर ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि राम सिंह रावत मौजूद रहे।

## खुशबू, राहुल और रोहन ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज कीर्तिनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सभा रामपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर ग्राम प्रधान सरोजनी देवी ने शिरकत की। सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मुख्य कार्यक्रम अधिकारी कमलेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में ग्राम सभा में स्वच्छता, दीवारों, रास्तों एवं पुश्तों का निर्माण कार्य, शुभ कार्यों में मद्यपान एवं नशा के विरुद्ध जन-जागरूकता तथा क्रीड़ा प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम किए। साथ ही गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीएड प्रशिक्षणार्थी चैतन्य कुकरेती के नेतृत्व में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता तथा मानचित्र ज्ञान प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया। समापन समारोह पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में अनुराग कलेठा, अमीषा, अपराजिता तथा अखिलेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में खुशबू, राहुल तथा रोहन ने बाजी मारी। संचालन स्वयंसेवी छात्र अनुराग एवं अपराजित ने किया। (एजेंसी)

# शहर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को किया सीज

### यातायात पुलिस की ओर से शहर में चलाया गया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पुलिस ने सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

शहर में यातायात व्यवस्था लगातार बेपटरी होती जा रही है। कुछ सप्ताह से शहर में लगातार जाम की स्थिति बन रही थी। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे थे। ऐसे में सोमवार को यातायात पुलिस ने सड़क पर उतरकर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर खड़े दस से अधिक वाहनों को कोतवाली में लाकर सीज किया गया। हालांकि वाहन चालकों ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध भी किया।




कोटद्वार के नजीबाबाद रोड में सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को सीज करती यातायात पुलिस

लेकिन, पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी। यातायात निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार वाहन चालकों को अपने वाहन सड़क किनारे सफेद पट्टी के अंदर ही पार्क करने की अपील की जा रही है। बावजूद कुछ वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे में यातायात पुलिस ने क्रेन से वाहनों को कोतवाली में लाकर सीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, वाहन चालकों ने पुलिस पर उनके शोषण का भी आरोप लगाया। कहा कि शहर में कहीं भी पार्किंग स्थल की व्यवस्था नहीं की गई है। सड़क किनारे सफेद पट्टी के अंदर रेहड़ी-ठेली खड़ी रहती हैं। ऐसे में वाहन चालक अपने वाहन कहां खड़ा करेंगे यह बड़ा सवाल है।

## मोहन सिंह बने सेलाकुई थानाध्यक्ष

देहरादून। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने आठ दरोगाओं की तैनाती में फेरबदल किया। एसएसआई पटेलनगर मोहन सिंह को सेलाकुई थाने का नया एसओ बनाया गया है। पूर्व में राजपुर थाने में एसओ रह चुके हैं। वह इससे पहले पटेलनगर थाने में बतौर वरिष्ठ उप निरीक्षक तैनात थे। सेलाकुई एसओ रहे प्रदीप रावत को एसएसपी कार्यालय लाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा प्रवीण सैनी को विकासनगर थाने की कुल्हाल चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। कुल्हाल चौकी इंचार्ज रहे दरोगा दीन दयाल को राजपुर थाने भेजा गया है। दीपक रावत को पुलिस कार्यालय से पटेलनगर थाने का एसएसआई बनाया गया है। हर्ष अरोड़ा को हाथी बड़कला चौकी के चार्ज से हटाकर पुलिस कार्यालय लाया गया है। शहर कोतवाली से कमलेश गौड़ को हाथी बड़कला चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। दरोगा दीपक भंडारी को राजपुर राजपुर थाने पुलिस कार्यालय भेजा गया है। साइबर सेल से दरोगा प्रमोद खुगसाल को सहपुर थाने का एसएसआई बनाया है।

## स्टंट बाइकर्स पर पुलिस की कार्रवाई, 15 सीज

देहरादून। मालदेवता और थानो रोड क्षेत्र में बाइक से रैश ड्राइविंग करने और स्टंट करने वाले स्पोर्ट्स बाइक सवारों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान 15 बाइकें सीज की गईं। वहीं 15 दुपहिया सवालों का चालान किया गया। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि मालदेवता रोड और थानो में अक्सर बाइक सवारों के स्टंट या रैश ड्राइविंग करने की शिकायत मिलती है। इसे लेकर महाराणा प्रताप चौक के पास, रायपुर व बालावाला में चेकिंग अभियान चलाया गया।

## ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम प्रधान संगठन ने की तालाबंदी



अल्मोड़ा : मनरेगा में एनएमएमएस प्रक्रिया के विरोध में ग्राम प्रधान संगठन ने सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन के साथ तालाबंदी कर शीघ्र मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन तालाबंदी की चेतावनी दी गई। प्रधान संगठन के तालाबंदी में ब्लॉक प्रमुख किरन बिष्ट ने समर्थन देते हुए मनरेगा के लिए बने नए नियमों को गलत बताया।

ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्रित होकर ग्राम प्रधान संगठन ने सरकार के इस फैसले की आलोचना कर प्रर्दशन, नारेबाजी की गई तथा 4 घंटे की आंशिक तालाबंदी करने की साथ चेतावनी दी कि एनएमएमएस प्रक्रिया में संशोधन नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन तालाबंदी के साथ प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। संगठन का कहना है कि मनरेगा योजना में श्रमिकों की उपस्थिति हेतु केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2023 से नई गाइडलाइन जारी की गई है जो कि उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नहीं है।

तालाबंदी , प्रर्दशन में प्रधान संगठन के अध्यक्ष पवन कुमार पांडे, ब्लाक प्रमुख किरण बिष्ट महासचिव दिनेश मनराल, कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा, धन सिंह, देव सिंह, दीपचंद कठायत, हीरा सिंह, महेंद्र बिष्ट, कमला बिष्ट, देवेंद्र रावत, हीरा नेगी, सत्येंद्र प्रकाश रोशन, गिरीश चंद, दीपा देवी, आनंद सिंह, भगवती देवी, ज्योति, शर्मिला, वीना देवी, सूरज सिंह, ललिता देवी, मोहन सिंह, जगदीश वर्मा, सूरज गौड़, तारा बिष्ट आदि रहे। (एजेंसी)

### तहसीलदार के आश्वासन पर आमरण अनशन समाप्त

बागेश्वर : तहसीलदार के आश्वासन के बाद आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण उठ गए हैं। तहसीलदार ने उन्हें जूस पिलाकर अनशन स्थल से उठाया। अब प्रशासन खनन क्षेत्र का दोबारा सर्वे करेगा।

मालूम हो कि तहसील के बखेत सोप स्टोन और जागनाथ मिनरल्स के विरुद्ध ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनका अरोप था कि पिछले 20 वर्ष से उनकी भूमि बिना अनुमति की खोदी जा रही है। उन्हें मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। रविवार को उपजिलाधिकारी मोनिका आंदोलन स्थल पर पहुंची और आंदोलनकारियों से वार्ता की। उन्होंने आंदोलनकारियों से कहा कि अनुबंध के तहत कार्य होगा।



### ब्लाक मुख्यालय में प्रधानों ने दिया धरना, दून में प्रदर्शन की चेतावनी

अल्मोड़ा : मनरेगा में माबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में सोमवार को ग्राम प्रधान संगठन की तरफ से धरना-प्रदर्शन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम प्रधान संगठन ताड़ीखेत की अध्यक्ष प्रमिला देवी के नेतृत्व में पदाधिकारी और सदस्य ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे और एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति के विरोध में धरना–प्रदर्शन किया। बीडीओ ललित कुमार महावर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर देहरादून एक सप्ताह में मांगें पूरी नहीं होने पर देहरादून में धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमिला देवी, ईश्वरी प्रकाश जोशी, शीला डोगरा, जयपाल सिंह, ललित मोहन, मदन सिंह बिष्ट, शंकर राम, भगवत सिंह, सोनिया बिष्ट, हेमा पांडे, देवेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



### प्रधानों ने एनएमएमएस सिस्टम के विरोध में ब्लाक में दिया धरना

बागेश्वर : मनरेगा के तहत एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज कराने का ग्राम प्रधान संगठन ने विरोध शुरू कर दिया है। नाराज प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय में धरना दिया। ग्राम प्रधान संगठन के बागेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष बसंत कुमार टम्टा के नेतृत्व में ग्राम प्रधान सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। यहां जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। साथ ही दस हजार की प्रोत्साहन राशि देने की भी मांग की। मांग करने वालों में पुष्पा देवी, कविता देवी, शेखरानंद, नवीन चंद्र, पुष्पा देवी, प्रदीप कुमार, बसंत सिंह आदि प्रधान मौजूद रहे। (एजेंसी)

### देवदार के पेड़ों को काटने के विरोध में उतरा सर्वोदय संगठन

अल्मोड़ा : ऑल वेदर सड़क निर्माण के लिए गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर झाला से जांगला व भैरों घाटी के बीच देवदार के पेड़ों को काटने के लिए छपान का कार्य किया जा रहा है। इसके विरोध में महिला एकता परिषद ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज विकल्प तलाशने की मांग उठाई है। पत्र में कहा गया है कि यह पूरा क्षेत्र भागीरथी ईको सेंसिटिव जोन के तहत आता है।

पेड़ों के कटान से इस संवेदनशील क्षेत्र में पर्यावरणीय नुकसान के साथ मानव जनित संकट पैदा हो सकता है। लिहाजा सरकार इसके लिए अन्य विकल्प निकाले, ताकि पर्यावरण को भी बचाया जा सके। एकता परिषद की मधुबाला कांडपाल ने बताया कि स्व़ सुंदर लाल बहुगुणा के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में सर्वोदय संगठन के कार्यकर्ताओं ने यह अभियान चलाकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गजेन्द्र शेखावत व पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव आदि नेताओं को पत्र भेजा गया है।

## प्रधानों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : मनेरगा में मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम हटाने के साथ चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानों ने जनपद के 8 ब्लॉक कार्यालयों में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया।

प्रधानों ने मनेरगा में 20 ही कार्य किए जाने की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की है। सोमवार को विण, मूनाकोट, कनालीछीना, धारचूला, बेरीनाग, गंगोलीहाट सहित सभी ब्लॉकों में प्रधानों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना दिया। ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह सौन ने कहा कि नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने का शासन ने फरमान जारी किया है। मोबाइल नेटवर्क न होने से यह कार्य असंभव है। मुख्यमंत्री धामी ने 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि व ग्राम पंचायत आपदा निधि से 10 हजार रुपये जारी करने की घोषणा की थी पर वह भी अभी तक फाइलों में ही अटकी हुई है। 15 वें वित्त की राशि नहीं मिलने से गांव में विकास कार्य रुके हुए हैं। शासन की ओर से जनवरी माह तक के आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना बनाने के निर्देश मिले हैं पर बजट ही जारी नहीं किया जा रहा है। प्रधानों ने मांगों पर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर कौशल्या देवी, अनीता देवी, निशा खडायत, गीता जोशी, हरीश जोशी, हेमा खड़ायत, हरीश प्रसाद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन, राशन वितरण बंद करने की दी चेतावनी



पिथौरागढ़ : दो वर्षों से बिलों का भुगतान न होने पर सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने शासन व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कमीशन को चालान में लगाने से पहले खाते में न डालने पर राशन वितरण कार्य बंद करने की चेतावनी दी है। सोमवार को देव सिंह मैदान में एकत्र होकर सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने प्रदेश सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फैडरेशन के जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने कहा कि नए नियमों को लागू कर सस्ता गल्ला विक्रेताओं को परेशान किया जा रहा है। पिछले दो सालों से बिलों का भुगतान नहीं किया है। 779 दुकानदारों का लाखों का भुगतान अटका पड़ा है। ढुलान भाडे के लिए जिला पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने 2020 से 2022 तक के बिलों का भुगतान न होने व कमीशन को चालान लगाने से पहले खातों में न भेजने पर पूरे जनपद में राशन वितरण ठप करने की चेतावनी दी है। यहां महासचिव कैलाश चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष ललित महर, कमल टम्टा, राधिका देवी, सुनीता बिष्ट, लक्ष्मण गिरी, , जगत सिंह धामी रहे। (एजेंसी)

### देवदार के हरे पेड़ पर चलाई आरी

चम्पावत : पाटी अस्पताल परिसर में कुछ लोगों ने देवदार का पेड़ काट डाला। भनक लगने पर तस्कर मौके में कटा पेड़ छोड़ कर भाग निकले। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने देवीधुरा के रेंजर को पत्र भेज कार्यवाही की मांग की है। पाटी अस्पताल में बीती रात अज्ञात लोगों ने देवदार के हरे पेड़ काट डाले। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गुरुशरण कौर ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात में अज्ञात लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटी के आवसीय परिसर में देवदार के आठ से दस पेड़ काट दिए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात को आवासीय कर्मचारियों को फिर से पेड़ काटने की भनक लगी।

## ब्लॉक मुख्यालय में ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

अल्मोड़ा : ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले हवालबाग विकासखंड के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय हवालबाग में धरना प्रदर्शन किया। अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम प्रधानों ने जमकर नारेबाजी की तथा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

संगठन के अध्यक्ष देव सिंह भोजक के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर एक सभा भी की। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से उपस्थिति का विरोध किया जाएगा। इसके अलावा केंद्रीय वित्त की वर्ष 2022–23 की किस्त को शीघ्र मुक्त करने, कोरोना काल में सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप ग्राम प्रधानों को 10000 रूपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने, मनरेगा कार्यों में भुगतान की समस्या का निस्तारण करने, मनरेगा योजना में अकुशल श्रमिकों को 400 रूपये तथा कुशल श्रमिकों को 600 रूपये प्रतिदिन मजदूरी देने, कोरोना काल को देखते हुए प्रधानों का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाने, ग्राम प्रधानों को विधायकों और सांसदों की भांति पेंशन दिए जाने तथा विकास खंड में कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्तियां किए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान लंबे समय से अपनी मांगों को शासन प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शीघ्र समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर ग्राम प्रधान कार्य बहिष्कार और उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष देव सिंह भोजक, ग्राम प्रधान नंद किशोर आर्य, भीम सिंह बिष्ट, महेश चंद्र, हरेंद्र शैली, रीता आर्य, राजेंद्र सिंह, बाला दत्त कांडपाल, कमलेश कुमार, किशन सिंह बिष्ट, सरिता आर्य, राजेंद्र सिंह, उमेश नैनवाल, बीना देवी, नीलम देवी, हरीश जोशी, रेखा आर्य सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चिन्हीकरण से वंचित आंदोलन कारियों ने किया पैदल मार्च

पिथौरागढ़ : भड़कटिया वड्डा क्षेत्र के वंचित राज्य आंदोलन कारियों ने राज्यान्दोलन कारी चयन की मांग को लेकर विकास खण्ड मुख्यालय मुनाकोट से पैदल मार्च की शुरुवात की। पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख व् राज्य आंदोलन कारी महेश जोशी के नेत्रत्व में राज्य निर्माण को लेकर हुए आंदोलन में सहभागिता करते हुए पहाडी राज्य की कल्पना को साकार करने वाले वड्डा भड़कटिया सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने बिण विकास खण्ड कार्यालय तक पैदल मार्च कर राज्यन्दोलन कारी चिन्हीकरण की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की पैदल मार्च की अगुवाई कर रहे पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख महेश जोशी ने कहा की सरकार राज्य के निर्माण के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले युवाओं सहित महिलाओं के राज्यान्दोलनकारी सम्मान से वंचित कर रही है राज्य निर्माण के तेईस वर्ष पुरे होने को है लेकिन अभी तक राज्य के लिए बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों का चिन्हिकरण तक नही किया गया है जो राज्य आंदोलन के लिए बलिदान देने वाले शहीदों सहित प्रतिभाग करने वाले युवाओं क साथ अन्याय है जोशी ने कहा की एक माह तक वंचित राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूरी नही हुई तो जनपद के समस्त आंदोलनकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर से देहरादून पैदल कुच करने को बाध्य होंगे किसी भी अनहोनी की दशा में पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### चिंतामणि कापड़ी बनें अध्यक्ष

चम्पावत : लोनिवि कार्यालय में वर्कचार्ज कर्मचारियों का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ।

नई कार्यकारिणी में चिंतामणि कापड़ी को अध्यक्ष चुना गया। सोमवार को लोनिवि कार्यालय में वर्कचार्ज जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। बाद में कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चिंतामणि कापड़ी, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी, सचिव चंद्र बल्लभ जोशी, कोषाध्यक्ष पद पर बलदेव जोशी और संयुक्त सचिव पर मनोज राम को मनोनीत किया गया।

### दो करोड़ का दुग्ध सीसी ऋण सीमा स्वीकृत, मडुंवा खरीद शुरू

बागेश्वर : बहुउद्देशीय साधन सहकरी समिति बागेश्वर ने दो करोड़ रूपये का दुग्ध सीसी ऋण सीमा स्वीकृत की है। मडुवा खरीद भी प्रारंभ कर दी है। किसानों को हरसंभव मदद पहुंच रही है। सोमवार को समिति कार्यालय पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष डा. राजेंद्र परिहार ने कहा कि किसानों को लाभावित किया जा रहा है। दुग्ध सीसी के लिए दो करोड़ रूपये स्वीकृत कर दिए गए हैं। मडुवा का समर्थन मूल्य सरकार ने बढ़ा दिया है। 35.78 रूपये में किसानों से समिति खरीद रही है। उन्होंने कहा कि वितीय वर्ष के लिए दीन दयाल उपाध्याय ऋण योजना, स्पेशल कंपोनेंट दुग्ध सीसी आदि के लिए चार करोड़ की ऋण सीमा समिति स्तर पर स्वीकृत की गई हैं। समिति के सचिव घनानंद पांडे ने बताया कि मडुवे की खरीद के लिए समिति के सदस्य किसानों से सीधे संपर्क कर रहे हैं। ताकि किसान बिचौलियों को मडुवा ने बेच सकेंगे।

## बिजली समस्या को लेकर जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन



बागेश्वर : सरयू घाटी को कपकोट ग्रिड से हटाकर शामा ग्रिड से जोड़े जाने का सरयू संघर्ष समिति ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने क्षेत्र को दोबारा कपकोट ग्रिड नहीं जोड़े जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। समिति ने जिला मुख्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया और जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

संघर्ष समिति से जुड़े लोग सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरयू घाटी की विद्युत आपूर्ति को ऊर्जा निगम ने कपकोट से हटाकर शामा–खड़लेख ग्रिड से जोड़ दिया, तबसे उनकी समस्या बढ़ गई है।

क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या गहराती जा रही है। बिजली चलने वाले उपकरण ठप हैं। इस समस्या को उन्होंने निगम को बता दिया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जल्द क्षेत्र को कपकोट ग्रिड से जोड़ने की मांग की है। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, प्रीति टाकुली, तुलसी देवी, राम चंद्र जोशी, मंगल सिंह, प्रताप सिंह, जगह सिंह, दान सिंह, हीरा सिंह, तारा सिंह तथा यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्रों ने वाहन शुल्क कम करने की मांग की



पिथौरागढ़ : राजकीय महाविद्यालय बेरीनाग में टैक्सी और बसों से आने वाले छात्र-छात्राओं का किराया कम करने को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष धीरज रौतेला के नेतृत्व में छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने बताया कि छात्र छात्राओं को वाहनों का किराया बहुत अधिक पड़ रहा है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों से पढ़ाई के लिए आने छात्र-छात्राओ को परेशानी होती है। जिसके कारण प्रतिदिन कालेज नहीं आ पा रहे है। ज्ञापन सौपने वालों में अध्यक्ष धीरज रौतेला, उपाध्यक्ष विशाल पंत, कोषाध्यक्ष राहुल महरा, कमल, विजय, संतोष सहित आदि मौजूद थे। इधर एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि इस संदर्भ में मंगलवार को टैक्सी यूनियन और परिवहन विभाग, पुलिस के साथ बैठक रखी है। उसके बाद इस पर कार्रवाई की जायेगी। (एजेंसी)

### पानी निकासी नहीं होने से लोगों का फूटा गुस्सा, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

बागेश्वर : मंडलसेरा–विवेकानंद विद्या मंदिर मोटर मार्ग पर घरों से निकलने वाले पानी की निकासी नहीं होने पर क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। नाराज लोगों ने इसके विरोध में कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

जल्द समस्या का समाधान नहीं होनेपर आंदोलन की चेतावनी दी है। आनंद प्रसाद के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग सोमवार को कलक्ट्रेट में पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि इस मार्ग को बने दस सल से अधिक समय हो गया है। सड़क के दोनों ओर आवासी भवन बन गए हैं।

## समस्याओं के निराकरण को एकजुट होकर संघर्ष करेगें फार्मासिस्ट

अल्मोड़ा : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक सोमवार को उत्तराखंड शाखा जनपद अल्मोड़ा के संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में फार्मासिस्टों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्याओं के निराकरण को कर्मचारियों ने एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष डीके जोशी ने बताया कि जनपद स्तरीय समस्याओं के निराकरण को लेकर एक शिष्टमंडल जल्द से जल्द सीएमओ से मिलेगा। उन्होंने कहा कि शासनादेश का लाभ संवर्ग के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। जिसके लिए जल्द से जल्द मुख्यकोषाधिकारी से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकजुट होकर पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यहां संघ के जिला मंत्री रजनीश जोशी, जीएस कोरंगा, केसी थापा, जेपीएस मनराल, प्रदीप पांडे, कैलाश पपनै, एमसी अधिकारी, आनंद पाटनी, कैलाश जोशी, डीपी जोशी, प्रेम चंद्र, महेश पुजारी, जीडी जोशी, मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर फार्मासिस्ट प्रेम चंद्र को सेवानिवृत्त होने पर शुभाकामनाएं दी गईं। (एजेंसी)

### घंटों की बिजली कटौती से जनता परेशान

अल्मोड़ा : रानीखेत में सोमवार को पूरे दिन बिजली कटौती से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम ने रानीखेत उप संस्थान के पावर परिवर्तकों के तकनीकी ऑडिट कार्य के कारण विद्युत कटौती की घोषणा की थी। ऑडिट कार्य के चलते सुबह 10 बजे बाद नगर सहित उप संस्थान से पोषित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सात घंटे की लंबी कटौती के बाद शाम पांच बजे बाद बिजली सप्लाई सुचारू हो सकी।

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से लोगों में आक्रोश, प्रदर्शन की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : तहसील पौड़ी के निसणी गांव में ग्रामीण की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों आक्रोश में है। लोगों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी और प्रभारी तहसीलदार से मिलकर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो जिलाधिकारी कार्यालय में धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा।

बीती एक जनवरी को निसणी गांव में दलीप सिंह रावत पर कुछ लोगों ने अचानक हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कालेज श्रीनगर रेफर कर दिया। जहां घायल का उपचार किया गया था। घायल के भाई रणजीत सिंह की तहरीर पर राजस्व पुलिस ने छः ग्रामीणों पर हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक ने मामले को रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित करने के लिए जिलाधिकारी को भी पत्र लिखा था, लेकिन मामला अभी तक रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित नहीं हो पाया है और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। जिससे पीड़ित परिवार के साथ ही ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सोमवार को पौड़ी पहुंची घायल की पत्नी प्रमिला देवी के साथ ग्रामीणों ने कहा कि मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। आरोपी गांव में ही खुलेआम घूम रहे हैं। कहा कि मामले में दो दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर डीएम कार्यालय में प्रदर्शन दिया जाएगा। वहीं, प्रभारी तहसीलदार हरेंद्र खत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही मामले को रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित करने की भी कार्रवाई की जा रही है। कहा कि दो दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इस मौके पर कुलदीप भंडारी, विक्रम सिंह नेगी, नरेंद्र नेगी, विवेक भंडारी, राजेंद्र रावत, लक्ष्मी रावत, कांती देवी आदि शामिल थे।

# धर्मांतरण कराने के आरोप में महिला समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर हंगामे के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर रुपये का लालच देकर धर्मांतरण कराने के आरोप में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के राजागार्डन में एक घर में धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर भाजपा और बजरंग दल के नेताओं ने हंगामा किया था। मौके पर पहुंची कनखल पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था। घर के स्वामी ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उसके घर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। इधर, भाजपा और बजरंग दल के नेता कनखल थाने में देर शाम तक डटे रहे थे। देर रात सचिन सैनी पुत्र हरि सिंह निवासी गंगदासपुर फेरुपुर पथरी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि दो दिन पूर्व उसकी मुलाकात समाज कल्याण विभाग रोशनाबाद में दिनेश निवासी राजागार्डन जगजीतपुर से हुई थी। उसने दिनेश से अपनी पारिवारिक समस्या के संबंध में बात साझा की थी, जिसके बाद दिनेश ने बताया कि रविवार को उसके घर पर सत्संग होता है, उस सत्संग में भाग लेने पर उसकी समस्याएं दूर हो जाएगी। आरोप है कि जब वह रविवार को दिनेश के घर पहुंचा तब उसे जैबिस्टन, स्टैला और गिन्नी कुमार नाम के व्यक्ति मिले। आरोप है कि उन्होंने उसे एक–दो लाख रुपये रोजगार शुरू करने के लिए देने का प्रलोभन देते हुए धर्म परिवर्तन करने की बात कही। आरोप है कि स्टैला ने चार–पांच क्रास देकर परिवार के सदस्यों के गले में डाल देने की बात कही, लेकिन जब उसने धर्म परिवर्तन से इंकार किया तब उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया।

# जंक फूड से दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान दें विद्यार्थी

## राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में शुरू हुआ एनएसएस शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राप्रावि विद्यालय नं. 1 नगर क्षेत्र में आरंभ हो गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों को जंक फूड से दूर रहकर बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सीख दी।

शिविर का शुभारंभ निगम पार्षद कविता मित्तल ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि रासेयो भारत सरकार का महत्वपूर्ण मिशन है, जिसके माध्यम से देश के छात्र बड़े स्तर पर समाज सेवा में जुटते हैं। उन्होंने स्वयसेवियों से जंक फूड से परहेज करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत ने कहा कि सभी स्वयं सेवियों को शिविर का सदुपयोग करते हुए देश व समाज सेवा का व्रत लेना चाहिए। इस मौके पर एनएसएस के जिला समन्वयक पारितोष रावत, इंटर कालेज बल्ली के प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल, विजयेंद्र बिष्ट, संजय मित्तल, कृपाली रावत, कार्यक्रम समन्वयक मुकेश रावत, भारत सिंह नेगी, मनमोहन सिंह चौहान, डा. पदमेश बुडाकोटी, सादर सिंह रावत, जयकृत सिंह नेगी, दीपक नौटियाल मौजूद थे।

## हरिद्वार की टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली स्थित स्व. सीडीएस बिपिन रावत स्टेडियम में आयोजित गढ़वाल क्रिकेट लीग के तहत सोमवार को नयार पैंथर और हरिद्वार धमाका की टीम के बीच मैच खेला गया। हरिद्वार धमाका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए। हरिद्वार धमाका टीम के लिए रोहित दानू ने 39 रन और विशाल डंगवाल ने 34 रन का योगदान दिया। नयार की टीम के लिए इलियास ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करती हुई नयार की टीम 17 ओवर में 79 रन बनाकर आउट हो गई। नयार टीम के लिए रोहित ने 16 रन बनाए।

# प्रधानों ने किया मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के विरोध में प्रदर्शन



श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने एनएमएमएस के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया।

प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रधानों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गहरा आक्रोश जताते हुए नारेबाजी करते हुए एक स्वर में मनरेगा के अंतर्गत एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति का विरोध जताया।

धरना प्रदर्शन के दौरान प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि ग्राम सभाओं की भौतिक परिस्थितियां अलग-अलग होने के कारण व अधिकांश गांवों में नेटवर्क न होने के कारण मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों पर असर पड़ेगा। मौके पर ग्राम प्रधानों ने राशन कार्ड को लेकर जमीनी सर्वे किए जाने की मांग की है। जिससे जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके और जरूरतमंद अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में समस्त प्रधानों को 10-10 हजार प्रोत्साहन राशि देने का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद यह राशि उन्हें नहीं मिल पाई है। उन्होंने उक्त राशि तत्काल ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराए जाने की मांग भी की। इस मौके पर धन सिंह रावत, रितु देवी, बीरवल सिंह चौहान, दीपिका डालिया, निशा, प्रतीक्षा, राजेंद्र मेहरा, सुंदरी देवी, अंकित कुमार, कविता पंवार, आशा देवी, मीनाक्षी पुंडीर, शिवानी डोभाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एकीकृत प्रबंधन समिति की बैठक 13 को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में उत्कृष्टता केंद्र ज्ञान गंगा की एकीकृत प्रबंधन समिति की बैठक 13 जनवरी को ज्ञान गंगा उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएगी। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी व सदस्य सचिव उत्कृष्टता केंद्र ज्ञान गंगा कपिल पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में अभिक्षमता परीक्षा के आधार पर आकांक्षी अभ्यर्थियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित परामर्शदाता, समन्वयक, संकाय सदस्यों की नियुक्ति व कार्यरत संकाय सदस्यों का कार्यकाल विस्तार, दीर्घावधि के लिए वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन, केंद्र के बैंक खातों का सामयिक लेखा परीक्षण, सूचना केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय का क्रियान्वयन, कौशल विकास प्रशिक्षण संबंधी पाठ्यक्रमों का संचालन आदि विषयों व प्रस्तावों पर आवश्यक विचार–विमर्श व चर्चा की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

टिहरी : जिला सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में डीएम ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तय समय पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय कक्ष में जनता दरबार के तहत शिकायतें सुनी। घेराचक वाण्डाचक के ग्रामीण रतनमणि भट्ट पौधशाला का नवीनीकरण, चंगा के रामचन्द्र सेमवाल सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जांच किए जाने, क्षेत्र पंचायत सदस्य सेन्दूल बिष्टौंसी गजेन्द्र रमोला ने ग्राम पंचायत सेन्दूल के पैदल मार्ग को मुख्य मार्ग तक बनवाने, भल्डगांव निवासी कमलू ने टिहरी बांध परियोजना की झील के कारण भल्डगांव में भू-धंसाव के कारण मकानों में दरारें आने, विस्थापित को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इसके साथ ही आवासीय फ्लैट बौराड़ी बस अड्डा में अवैध कब्जा हटाए जाने, चंबा क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि मंदिर और धर्मशाला निर्माण को भूमि आंवटित किए जाने, ग्राम सभा स्यूटा बड़ा में दो अनाथ बच्चों का संरक्षण करने, ग्राम नकोट में दिनेश के नए मकान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कनेक्शन दिलाने, पलियाला सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त भूमि मुआवजा दिलाने, ग्राम पंचायत सेन्दूल में एएनएम केन्द्र खोलने आदि की मांग फरियादियों ने की। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम टिहरी अपूर्वा सिंह, सीएमओ डॉ. संजय जैन, सीईओ एलएम चमोला, सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

टिहरी : नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंबा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर चंबा पुलिस ने शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रविवार देर शाम को कोटी कालोनी के समीप एक व्यक्ति को 60 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। कोटी कॉलोनी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपी का नाम गणेश प्रसाद निवासी ग्राम थान, हॉल निवासी डी टाइप कोटी कालोनी नई टिहरी है। (एजेंसी)

# बांज-बुरांश के हरे पेड़ काटने का मामला, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

टिहरी : ठांगधार सिवाली पातल में संरक्षित प्रजाति के बांज-बुरांश के कई हरे पेड़ों को काटने का मामला समाने आया है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापवाही का आरोप लगाते हुए पेड़ कटाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। टिहरी वन प्रभाग के सिवाली पातल तोक के बुग्गीधार में भू-माफिया के साथ मिलकर गांव के एक व्यक्ति ने संरक्षित प्रजाति के बांज, बुरांश और देवदार के दर्जनों पेड़ों को अवैध रूप से काटा डाला। सिवाली पातल निवासी रणवीर सिंह तथा जितेंद्र सिंह ने बताया कि सिवाली पातल में उनकी पैतृक भूमि है, जिस पर बांज बुरांश और देवदार के दर्जनों पेड़ हैं। बताया वह दोनों भाई वर्तमान समय में हरिद्वार रहते है। बताया कि ग्रामीणों द्वारा बीते दिसंबर माह में उन्हें पेड़ों के काटाने की सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि गांव के शैलेन्द्र सिंह ने भू-माफिया के साथ मिलकर उनकी पैतृक भूमि पर से बांज, बुरांश और देवदार छोटे-बड़े दर्जनों हरे पेड़ काट डाले। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों से शिकायत की थी, लेकिन पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होते देख उन्होंने टिहरी वन प्रभाग के डीएफओ को लिखित शिकायती पत्र दिया है। बताया बीते कई सालों से सिवाली पालत में जमीन खरीद फरोक्त का धंधा जोरों पर चल रहा है, जिसमें भू माफिया के साथ कई स्थानीय लोग भी शामिल हैं। उन्होंने संरक्षित प्रजाति के पेड़ काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। (एजेंसी)

## कर्णप्रयाग में लोगों ने लगाया सांकेतिक जाम, बोले सुरक्षा के नाम पर बांटे तिरपाल

चमोली : अपर बाजार, मस्जिद मुहल्ले में भूस्खलन से सुरक्षा के प्रबंध न किए जाने को लेकर अपर बाजार के लोगों ने सोमवार को अपर बाजार की सड़क पर सांकेतिक जाम लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अपर बाजार में लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिससे तीस से अधिक घर पूरी तरह इस खतरे की जद में हैं। लेकिन यहां प्रशासन और सरकार ने सुरक्षा के नाम पर केवल तिरपाल बांटने का काम किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कर्णप्रयाग-रानीखेत मोटर मार्ग निर्माण के बाद से ही ये क्षेत्र लगातार भू-स्खलन का शिकार रहा है। 2010 में इस इलाके के लगभग 40 परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस थमाया गया था। तब से आज तक इस इलाके में सहायता के नाम पर कुछ तिरपाल वितरण के अलावा कोई कार्य नहीं किया गया है। बीत साल भी बरसात में यहां कई मकान खतरे की जद में आ गए।

## एनएमएमएस के विरोध में प्रधानों ने किया प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन

चमोली : मनरेगा कार्यों में एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति के विरोध में प्रधान संगठन नारायणबगड़ द्वारा ब्लॉक सभागार में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

विकासखंड नारायण बगड़ प्रांगण में प्रधान संगठन अध्यक्ष भगवती प्रसाद सती की अध्यक्षता में चार सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें कहा कि उत्तराखंड विषम भौगोलिक परिस्थिति होने के कारण अधिकांश गांव में नेटवर्क सुविधा नहीं है। ऐसे में मनरेगा कार्यों में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना संभव नहीं है। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 20 से अधिक कार्य के नहीं होने से विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

# युवाओं को सिखाए उद्यमिता के गुर



टिहरी : धर्मानन्द उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर के वाणिज्य और प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में भारतीय प्रबंधन संस्थान व उद्योग निदेशालय के सहयोग से स्टार्ट अप बूट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं और जिले के युवाओं को उद्यमिता के गुर सिखाए।

सोमवार को नरेंद्रनगर में आयोजित स्टार्ट-अप बूट कैंप का शुभारंभ जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक महेश प्रकाश व प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान ने किया। महाप्रबंधक महेश प्रकाश ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से स्टार्ट अप योजना एक अभिनव प्रयोग है। महाविद्यालय के बूट कैंप संयोजक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया एक नवीन प्रयोग है, जिसमें उद्यमिता के जरिए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के साथ देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास है। इसी क्रम में आईआईएम काशीपुर और जिला उद्योग इकाई के सहयोग से आयोजित इस बूट कैंप में 10 बेहतरीन उपायों को चिन्हित करके ग्रैंड कंपटीशन में भेजा जाएगा, जिसमें सफल उद्यमिता के विचारों को वित्तीय सहयोग भी दिया जाएगा। कैंप में बतौर प्रशिक्षक पहुंचे भारतीय प्रबंधन संस्थान के प्रो. कुनाल गांगुली, प्रो. वैभव भमोरिया तथा प्रो. मृदुल माहेश्वरी ने युवाओं स्टार्ट अप का प्रशिक्षण देते हुए उद्यमिता की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. उमेश चंद्र मैठाणी, डॉ. राजपाल रावत, सुधा रानी, सूचना सचदेवा, नताशा, ईरा सिंह, देवेन्द्र कुमार, विजय प्रकाश भट्ट, ज्योति शैली, सोनिया गंभीर, हिमांशु जोशी, जितेन्द्र नौटियाल, विशाल त्यागी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें : तीरथ

## सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। सांसद ने विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सांसद तीरथ सिंह रावत ने सड़क निर्माणदायी संस्था पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास आदि विभागों की विभागवार समीक्षा की। सांसद ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत द्वितीय फेज के कार्यों की प्रगति समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि पहले चरण का काम पूर्ण कर लिया गया है, जबकि द्वितीय फेज के कार्य हेतु कार्यवाही अंतिम चरण में है, जिसे यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्माणाधीन बेलनी पुल को आगामी श्री केदारनाथ यात्रा से पूर्व यातायात संचालन हेतु तैयार करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह, विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चैधरी, प्रमुख अगस्त्यमुनि श्रीमती विजया देवी, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, पूर्व अध्यक्ष दिनेश उनियाल, विजय कप्रवान, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, अधि. अभि. जल निगम नवल कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एचसी हटवाल, समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा, सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, जल संस्थान, विद्युत, वन विभाग, पीएमजीएसवाई, लोनिवि, एनएच आदि सहित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के सदस्य, विभिन्न विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## श्रीनगर की छात्रा का प्रोजेक्ट इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : परिष्कारम पब्लिक स्कूल श्रीकोट गंगानाली की कक्षा आठ की छात्रा आयशा आफरीन का प्रोजेक्ट इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित हो गया है।

आयशा ने अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए बेड सह स्ट्रेचर का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसमें मरीज को बिना किसी परेशानी के इधर-उधर शिफ्ट किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि आयशा को इस प्रोजेक्ट का प्रोटोटाइप बनाने के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने अवार्ड हेतु चयन के लिए आयशा की मेहनत और विज्ञान शिक्षिका प्रीति थपलियाल के मार्गदर्शन को श्रेय दिया है।

# भिलंगना और प्रतापनगर में प्रधानों ने किया प्रदर्शन

टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के प्रधानों ने मनरेगा में नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम लागू करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने इस व्यवस्था को वापस न लिए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल के नेतृत्व में प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय में धरना देकर विरोध जताया।

इस मौके पर मौके पर सुमित्रा कैंतुरा, यशवंत गुसाईं, वीरपाल बिष्ट, ममता देवी, दीपक जखेड़ी, रेखा देवी, विजय पैन्यूली, सविता मैठाणी, ऋषिता श्रीयाल, सुनील सेमवाल आदि मौजूद रहे। वहीं प्रधान संगठन प्रतापनगर ने ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर एनएमएमएस सिस्टम लागू का विरोध किया। संगठन सदस्यों ने कहा कि पहाड़ की विकट परिस्थिति में यह योजना सही नहीं है। प्रधानों ने विकास कार्यों में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए संगठन की समस्याओं को लेकर सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। मौके पर संगठन अध्यक्ष लोकपाल कंडियाल, दिनेश जोशी, गोविन्द रावत, मधु रावत, सुमेर सिंह रावत, दिनेश रावत, गुमान सिंह बारियाल, पुरुषोतम पंवार, चन्द्रशेखर पैन्यूली, विकास नौटियाल, बलवीर रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 15 अतिनिर्धन और वंचित परिवारों को जनवरी माह का राशन बांटा

देहरादून। देवभूमि अवस्थित आर्यम इंटरनेशनल फ़ाउंडेशन के तत्त्वावधान में संचालित भगवान शंकर आश्रम द्वारा घोषित माँ अन्नपूर्णा भंडारा कार्ड योजना के अन्तर्गत माघ मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि रवि पुष्य नक्षत्र की शुभ वेला में अग्निहोत्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के अतिनिर्धन और वंचित 15 परिवारों को मुफ़्त जनवरी माह का मासिक घरेलू राशन वितरित किया गया। अधिशासी प्रवक्ता माँ यामिनी श्री के अनुसार ट्रस्ट के अध्यक्ष और आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता परमप्रज्ञ जगतगुरु प्रोफ़ेसर पुष्पेंद्र कुमार आर्यम जी महाराज के निर्णय के अनुसार आश्रम द्वारा समग्र मानवता के कल्याण हेतु यह अभियान गत दो वर्ष से संचालित है। भंडारा यज्ञ के अन्तर्गत गर्म वस्त्र और दवाइयाँ भी वितरित की गईं। आश्रम द्वारा संचालित मुफ़्त भंडारा कार्ड योजना के अंतर्गत जनवरी माह का राशन 15 परिवारों को वितरित किया गया।

# विधायक चौधरी ने सुनी जन समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने पश्चिम भरदार क्षेत्र का भ्रमण कर जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं पर हर संभव कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को विधायक ने सौराखाल, भ्यूता, चौंडा-सिराई, खरगेड, बासी में क्षेत्र भ्रमण कर स्थानीय जनता से मुलाकात की। इस दौरान समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। उनके द्वारा अपने पिछले कार्यकाल में भ्यूंता–खरगेड मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। जो कि अब बनकर तैयार हुआ है। इसका भी उनके द्वारा शुभारंभ किया गया।

मोटर मार्ग के निर्माण में पश्चिमी भरदार के आधा दर्जन से अधिक गावं के ग्रामीणों को 25 किमी. से अधिक बडियार गढ़ (टिहरी) से होकर आवागमन करना पड़ता था। उन्हें अब, इस समस्या से निजात मिल गया है। विधायक बांसी भरदार में पाडंव लीला के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह हमारी पौराणिक परंपरा है जो हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि कोटली-बांसी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। कहा कि भरदार पेयजल योजना फेज-2 का 25 करोड़ की लागत से मंदाकिनी नदी से लिफ्ट पेयजल निर्माण कार्य गतिमान है, जल्द ही पेयजल की समस्या खत्म हो जाएगी। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट, प्रधान सौंराखाल हेमराज पुंडीर, प्रधान भ्यूता मनीष जोशी, जयेंद्र नेगी, मनवर सिंह बिष्ट, प्रदीप नौटियाल आदि लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शिवकुमार (पुराना नाम) से बदलकर शिवकुमार अग्रवाल (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे शिवकुमार अग्रवाल पुत्र स्व. प्रभाती लाल से जाना/पहचाना जाए।

**शिवकुमार अग्रवाल पुत्र स्व. प्रभाती लाल, निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## सम्पादकीय

### मौसम का बदलता मिजाज जानलेवा

पूर्व के वर्षो की अपेक्षा इस बार सर्दी के मौसम में होने वाली बारिश का असर अभी देखने को नहीं मिला है और यही कारण है कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। हालांकि मौसम विभाग ने पर अगले कुछ दिनों में बारिश की भविष्यवाणी की है लेकिन जब तक बारिश नहीं होगी तब तक इस सूखी ठंड से निजात मिलना मुश्किल है। पूरे प्रदेश के अंदर शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए सरकार की ओर से एक सही निर्णय लिया गया है जिसके तहत सभी विद्यालयों को इस सप्ताह के लिए भी बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। भीषण सर्दी के बावजूद स्कूलो मैं शीतकालीन अवकाश समाप्त हो गए थे लेकिन अब इसकी मियाद बढ़ा दी गई है। उत्तराखंड में मैदान से लेकर पहाड़ो तक ठंड का प्रकोप जानलेवा बना हुआ है। इन व्यवस्थाओं के बीच सबसे अधिक परेशानी खुले में जीवन बसर करने वालों के आगे है तो वही उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के कारण बेघर हुए लोगों को भी इस कड़कड़ाती ठंड में राहत शिविरों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानियों ने भी सचेत किया है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम के बदले मिजाज का असर सबसे अधिक असर जोशीमठ के उन हजारों लोगों पर पड़ेगा जो पहले से ही भू धंसाव के चलते जबरदस्त विस्थापन के संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार और प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि शीतलहर एवं ठंड से हर एक नागरिक की सुरक्षा की जाए खासतौर से ऐसे लोगों की जिनके पास रहने की व्यवस्था नहीं है और जो खुले में अपना जीवन यापन करते हैं। प्रदेश भर में सड़कों पर जीवन व्यतीत करने वालों के लिए व्यापक तौर पर अलाव जलाने की व्यवस्था भी जनपद प्रशासन के हवाले हैं और फिलहाल अलाव की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा रही है। शीतलहर एवं ठंड के बीच सबसे बड़ी परेशानियां ऐसे लोगों को है जो हृदय रोग से जूझ रहे हैं। खासतौर से बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए यह मौसम सतर्कता से रहने वाला है। हृदय रोग विशेषज्ञ की भी सलाह है कि इस मौसम पर खासतौर से अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना होगा। उत्तराखंड में में ठंड दिल और दिमाग दोनों पर भारी पड़ रही है। ठंड से बचाव में चूक होने और दवाएं लेने में लापरवाही से रोगियों का ब्लडप्रेशर अचानक बढ़ जाता है। इससे हार्ट अटैक और ब्रेन अटैक की नौबत आती है। ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए यह जरूरी है कि ठंड से बचा जाए एवं उचित गर्म कपड़ों का प्रयोग कर शरीर को गर्म रखा जाए। सर्द मौसम में खान-पान का भी खास ध्यान रखना होगा ताकि शरीर को पर्याप्त ताकत एवं खुराक मिलती रहे। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे के कारण सार्वजनिक व्यवस्थाओं में काफी परेशानियां देखने को मिल रही है खासतर से यातायात प्रबंधन को लेकर सुरक्षा के मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। कोहरे के कारण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों से दुर्घटनाओं के मामले प्रकाश में आने लगे हैं अतः सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

# पानीः अब मसला नहीं मिशन

**यह देश में राजनीति के उस बदले आधार और सूचकांक का भी संकेत था, जिसमें आगे साफ-साफ तय हुआ कि सुशासन का मुद्दा महज सरकारी दफ्तरों में फाइलों के तेजी से आगे बढने और योजनागत खचरे में शून्य की गिनती बढ़ते जाने का नाम भर नहीं है। स्वच्छता के बाद जिस तरह पानी के मुद्दे को 2019 में भारत सरकार जल जीवन मिशन के तौर पर लेकर सामने आई, वह दिखाता है विकास का रंग हरा या धूसर के साथ साथ नीला भी होना चाहिए। इस मिशन के तहत 15 अगस्त, 2019 से 19 अप्रैल, 2022 तक अगर देश के ग्रामीण इलाकों में दस करोड़ से ज्यादा पानी के नये कनेक्शन दिए गए हैं, राज्य सरकारों के बीच 2024 से पहले सफलता के शत-फीसद लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वस्थ होड़ छिड़ी है, तो यह देश में राजनीति और शासन का भी वह बदला चेहरा है, जिसे देखने के लिए नये और धुले चश्मे की दरकार है। करपोरेट और सरकारी, दोनों की भागीदारी समाज में प्रभावशाली बदलाव ला सकती है। इसमें सामुदायिक भागीदारी को शामिल कर दिया जाएगा तो परिणाम और भी कारगर होंगे।**

**डा.दर्शनी प्रिय**

नीति आयोग के सर्वे के अनुसार देश में साठ करोड़ की आबादी भीषण पेयजल संकट का सामना कर रही है।

अपर्याप्त और प्रदूषित पानी के इस्तेमाल से देश में हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ के मुहैया कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस तरह पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 शहरों का पानी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

आज उष्णता और सूखा जैसे संकट के बीच भारत सहित दुनिया के तमाम देश अपनी परंपरा और सरोकारों में पानी सहेजने से जुड़ी चिंताओं पर नये सिरे से बात कर रहे हैं। इस चिंता और इससे जुड़े विमर्श का सकारात्मक हासिल यह है कि अब सरकारों के लिए पानी मसला नहीं, बल्कि मिशन का नाम है। पानी के मुद्दे पर मसला से मिशन के इस सफरनामे को अपने देश में ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी देखना दिलचस्प है। इस सफर के एक छोर पर सिंगापुर जैसा छोटा मुल्क है, तो दूसरे छोर पर भारत जैसी विशाल आबादी और भूगोल वाला देश।

बात सिंगापुर की करें तो वि में जल प्रबंधन के जितने भी मडल हैं, उनमें सिंगापुर का मडल अव्वल माना जाता है। आने वाले चार दशकों के लिए आज सिंगापुर के पास पानी के प्रबंधन को लेकर ऐसा ब्ल्यूप्रिंट है, जिसमें जल संरक्षण से जल शोधन तक पानी की किफायत और उसके बचाव को लेकर तमाम उपाय शामिल हैं।

सिंगापुर की खास बात यह भी है कि उसका जल प्रबंधन शहरी क्षेत्रों के लिए खास तौर पर मुफीद है। ग्रामीण आबादी वाले इलाकों में सिंगापुर का मडल शायद ही ज्यादा कारगर हो। सिंगापुर से भारत सीख तो सकता है, पर इस देश की आबादी और भूगोल ज्यादा मिश्रित और व्यापक है। फिर हमारे यहां पानी के अभाव से ज्यादा बड़ा सवाल उसके संग्रहण और वितरण का है। लिहाजा, पानी को लेकर भारतीय दरकार और सरोकार सिंगापुर से खासे भिन्न हैं।



अलबत्ता, इसे भारतीय राजनीति में प्रकट हुए सकारात्मक बदलाव के साथ सरकारी स्तर पर आई नई योजनागत समझ भी कह सकते हैं कि अब स्वच्छता और घर-घर नल से जल की पहुंच जैसा मुद्दा साल के एक या दो दिनों नारों-पोस्टरों में जाहिर होने वाली कामना और सद्भावना से आगे सरकार की घोषित प्राथमिकता है। 2014 में लाल किले से तिरंगा फहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी का स्मरण किया और स्वच्छता के मुद्दे को सरकार और समाज, दोनों के एजेंडे में शामिल कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

यह देश में राजनीति के उस बदले आधार और सूचकांक का भी संकेत था, जिसमें आगे साफ-साफ तय हुआ कि सुशासन का मुद्दा महज सरकारी दफ्तरों में फाइलों के तेजी से आगे बढने और योजनागत खचरे में शून्य की गिनती बढ़ते जाने का नाम भर नहीं है। स्वच्छता के बाद जिस तरह पानी के मुद्दे को 2019 में भारत सरकार जल जीवन मिशन के तौर पर लेकर सामने आई, वह दिखाता है विकास का रंग हरा या धूसर के साथ साथ नीला भी होना चाहिए। इस मिशन के तहत 15 अगस्त, 2019 से 19 अप्रैल, 2022 तक अगर देश के ग्रामीण इलाकों में दस करोड़ से ज्यादा पानी के नये कनेक्शन दिए गए हैं, राज्य सरकारों के बीच 2024 से पहले सफलता के शत-फीसद लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वस्थ होड़ छिड़ी है, तो यह देश में राजनीति और शासन का भी वह बदला चेहरा है, जिसे देखने के लिए नये और धुले चश्मे की दरकार है। करपोरेट और सरकारी, दोनों की भागीदारी समाज में प्रभावशाली बदलाव ला सकती है। इसमें सामुदायिक भागीदारी को शामिल कर दिया जाएगा तो परिणाम और भी कारगर होंगे। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन और एसएम सहगल फाउंडेशन ने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कर्नाटक के कोलार जिले में जलधारा परियोजना शुरू की थीं, जो अति-पिछड़े, शोषित, सूखे से प्रभावित, असंतुलित वष्रा और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। दरअसल, अनंतपुर क्षेत्र असंतुलित वष्रा पैटर्न के कारण लगातार सूखे की चपेट में रहता है, और भूजल का गिरता स्तर किसानों के लिए समस्या बन गया था, जिसके कारण क्षेत्र में षि उत्पादकता कम थी। जलधारा परियोजना और लोगों के प्रयासों से अनंतपुर में 5 चेक डैम का निर्माण किया गया। फलतरू वहां 77 प्रतिशत किसानों ने अपनी फसल की उपज में वृद्धि देखी। कोलार में जलधारा परियोजना के तहत पारंपरिक पानी की टंकियों की गाद निकाली गई। डिसिल्टेशन पानी से रेत और अन्य कणों को हटाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया ने भूजल के रिसाव में भी वृद्धि की जिससे बोरवेल के जल स्तर में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यहां 56 प्रतिशत किसानों ने स्वीकारा कि फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। परियोजना के तहत चेक डैम निर्माण की जिम्मेदारी लेने के लिए समुदायिक भागीगारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया क्योंकि पानी की समस्या हल करने के लिए करपोरेट और सरकारी क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी के साथ ही सामुदायिक भागीदारी भी जरूरी है।

# त्रिपुरा में शाह के भाषण का मतलब



अमित शाह त्रिपुरा गए तो उन्होंने वहां से ऐलान किया कि एक जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राममंदिर बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने यह तारीख कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को नोट कराई। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों को भी कहा कि वे अपनी टिकट बुक कराएं अयोध्या की यात्रा करने के लिए। इसके बाद उन्होंने त्रिपुर सुंदरी का भी भव्य मंदिर बनाने की बात कही। मतलब साफ है कि भाजपा त्रिपुरा में पांच साल राज चलाने और दो मुख्यमंत्रियों को आजमाने के बाद अयोध्या के राममंदिर और त्रिपुर सुंदरी के मंदिर के मुद्दे पर चुनाव लडने वाली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि त्रिपुरा में भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। बिप्लब देब को हटा कर हाल तक कांग्रेस के नेता रहे मानिक साहा को मुख्यमंत्री बनाने का दांव भी काम नहीं आ रहा है।

अब तक त्रिपुरा में भाजपा के पांच विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। भाजपा की सहयोगी इंडिजेनस त्रिपुरा पीपुल्स पार्टी के भी तीन विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। यानी सत्तारूढ गठबंधन के आठ विधायकों ने पार्टी छोड़ी है। कई विधायक कांग्रेस में लौटे हैं तो कुछ तृणमूल कांग्रेस के साथ जुड़े हैं। सुदीप रय बर्मन के कांग्रेस के साथ जुडने से कांग्रेस की ताकत बढ़ी है। इस बीच प्रद्योत देबबर्मा की तिपरा पार्टी के गठन से स्थानीय लोगों को एक नया प्लेटफर्म मिला है। कहा जा रहा है कि पिछली बार 42 फीसदी वोट और 18 सीट जीतने वाली सीपीएम और कांग्रेस के साथ साथ तिपरा का तालमेल हो सकता है। इन पार्टियों के बीच तालमेल की बातचीत चल रही है। अगर ये पार्टियां एक साथ आती हैं तो भाजपा को बड़ी दिक्कत होगी। कांग्रेस को पिछली बार दो फीसदी ही वोट मिले थे लेकिन तिपरा और लेफ्ट के साथ मिलने से गठबंधन की ताकत बढ़ सकती है। तभी अमित शाह और भाजपा व संघ के नेता वहां इतनी मेहनत कर रहे हैं।

# विपक्षी स्वरों को जोडना



तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ हुआ है कि इससे आज के हालात के असंतुष्ट लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे।

भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यह सवाल उठा कि क्या राहुल गांधी का यह प्रयास विपक्षी दलों को एक साथ लाने में कामयाब हो सकेगा। यह सवाल को खास बल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कि एक टिप्पणी से मिला, जिसमें उन्होंने यात्रा में शामिल होने से इनकार करते हुए कांग्रेस और भाजपा को एक जैसी पार्टी बता दिया। हालांकि बाद में यात्रा में शामिल होने के आमंत्रण का जवाब भेजते हुए उन्होंने यात्रा को अपनी शुभकामनाएं दीं। ऐसी शुभकामना मायावती ने भी दी। इसके बावजूद चुनावी समीकरणों की दृष्टि में उलझे मीडियाकर्मियों की चर्चा में यह सवाल बना हुआ है कि क्या इस यात्रा से अगले चुनावों में कांग्रेस या कुल विपक्ष की संभावनाएं बेहतर होंगी। इस सवाल के बारे में यह बात लगभग भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ऐसा नहीं होगा। और कम से कम राहुल गांधी को इस बारे में कोई भ्रम नहीं है।

31 दिसंबर की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर दो टूक कहा कि टैक्टिकल-पलिटिकल प्रयासों से भाजपा-आरएसएस को हराना फिलहाल संभव नहीं रह गया है। तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि इससे भारतीय राजनीति में जारी गतिरोध टूटा है। इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व र प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को वापस हासिल करने के लिए अपने बंद दायरे से बाहर आ सकें।

**31 दिसंबर की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर दो टूक कहा कि टैक्टिकल-पलिटिकल प्रयासों से भाजपा-आरएसएस को हराना फिलहाल संभव नहीं रह गया है। तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि इससे भारतीय राजनीति में जारी गतिरोध टूटा है। इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व र प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को वापस हासिल करने के लिए अपने बंद दायरे से बाहर आ सकें।**

राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी महंत सत्येंद्र दास की राहुल गांधी को लिखी गई चिा भी ऐसी ही भावना का संकेत देती है। इस रूप में भारत जोड़ो यात्रा ने विपक्षी स्वरों को जोडना शुरू किया है। लेकिन यह लंबा रास्ता है। अगर यात्रा उस पर आगे बढने में सक्षम साबित हुई, तो विपक्षी ताकतें भी जुड़ेंगी, यह उम्मीद की जा सकती है।

# कंटोला के सेवन से मिलते हैं ये 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ, डाइट में जरूर करें शामिल

कंटोला मुलायम कांटेदार वाली सब्जी है, जिसे ककोड़ा और मीठा करेला के नाम से भी जाना जाता है। इस सब्जी का वैज्ञानिक नाम मोमोरडिका डायोइका है, जबकि अंग्रेजी में यह स्पाइन गार्ड के नाम से जानी जाती है। कंटोला आवश्यक विटामिन्स, खनिज, एंटी-अक्सीडेंट्स और फ्लेवोनोइड्स से भरपूर होती है। इसलिए इसे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है। आइए जानते हैं कि कंटोला के सेवन से क्या-क्या स्वास्थ्य से जुड़े लाभ मिल सकते हैं।

**पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद**

फाइबर और एंटी-अक्सीडेंट से भरपूर कंटोला पाचन क्रिया की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और पेट दर्द, ऐंठन जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोगों से बचा सकता है। इस सब्जी का सेवन पेट के संक्रमण का खतरा भी कम कर सकता है। यह कब्ज और लिवर की बीमारियों से सुरक्षित रखने में भी मदद करती है। कंटोला का सेवन बवासीर और गैस्ट्रिक अल्सर से सुरक्षित रखने में भी मदद कर सकता है।

**त्वचा के लिए भी है लाभकारी**

एंटी-एजिंग फ्लेवोनोइड्स जैसे बीटा कैरोटीन, ल्यूटिन, जैंथिन आदि से भरपूर कंटोला आपकी त्वचा की बनावट में सुधार करने में मदद कर सकता है और इसे स्वस्थ बनाए रख सकता है। कंटोला में लगभग 84 प्रतिशत पानी होता है। ऐसे में यह त्वचा की नमी को बनाए रखने में भी सहायक है और यह मुंहासे, काले धब्बे, झुर्रियां और महीन रेखाओं से भी बचा सकता है। यह स्वास्थ्यवर्धक सब्जी त्वचा के विकारों जैसे एक्जिमा, सोरायसिस आदि के खिलाफ भी प्रभावी है।

**वजन घटाने में भी है मददगार**

कंटोला में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो वजन घटाने को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है और पूरे दिन सक्रिय रखता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चीजों को खाने की लालसा खत्म करता है। इससे उचित वजन बनाए रखने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद उच्च पानी की मात्रा शरीर में वसा जलने की प्रक्रिया को बढ़ाकर वजन घटाने में भी मदद करती है।

**विटामिन- ए से भरपूर कंटोला आंखों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। इस सब्जी में ल्यूटिन जैसे कैरोटीनयड होते हैं, जो आंखों की कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं और आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम कम करने में भी सहायक हो सकता है।**

**आंखों के लिए हो सकता है लाभदायक**


विटामिन- ए से भरपूर कंटोला आंखों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। यह आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। इस सब्जी में ल्यूटिन जैसे कैरोटीनयड होते हैं, जो आंखों की कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं और आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं। इसके अतिरिक्तयह मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम कम करने में भी सहायक हो सकता है।

कंटोला के हाइपोग्लाइसेमिक गुण इंसुलिन संवेदनशीलता और इंसुलिन स्राव दोनों में सुधार करने में मदद करते हैं, जो मधुमेह नियंत्रित करने में सहायता कर सकता है। यह अग्नाशयी बीटा कोशिकाओं की सुरक्षा और पुनर्जनन में भी मदद करता है। इसकी उच्च पानी और फाइबर सामग्री ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए एकदम सही है। यह सब्जी आपके ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

# दिल्ली का श्रद्धा काण्ड

अजय दीक्षित

वस्तुतरू हमारे देश में श्गड इंडस्ट्रीश खूब फल-फूल रही है । सवाल यह है कि ऐसा क्यों है? इसके कई कारण हैं। हमारे समाज में दलितों का शोषण एक आम बात है। उनकी बड़ी संख्या गरीबी, अशिक्षा और अभावों से भरपूर है। ऐसे लोगों को अध्यात्म के नाम पर फुसलाना कदरन आसान होता है। बाबाओं को दूसरा लाभ यह है कि बड़े पदों पर बैठे तथा समाज में प्रभाव रखने वाले कुछ लोग भी जब उनके शिष्य बन जाते हैं तो वे उनके माध्यम से अन्य शिष्यों के काम करवाना आरंभ कर देते हैं। शक्तिसंपन्न लोग ऐसा श्रद्धावश करते हैं और जिनका काम हो जाता है वे इसे श्गुरुजी का प्रसादश और श्भगवद्पाश मानने लग जाते हैं, बिना यह समझे कि यह मात्र सांसारिक श्नेटवर्किंगश का कमाल है। ज्योतिषियों और बाबाओं का एक दूसरा वर्ग आभिजात्य वर्ग वाला भी है जो स्वयं पढ़े-लिखे हैं, अंग्रेजी में प्रवचन देते हैं और उद्योगपतियों, नौकरशाहों तथा बड़े राजनीतिज्ञों को श्आध्यात्मिक शांतिश प्रदान करते हैं। उनके शिष्यों में इतने प्रभावशाली लोग होते हैं कि वे देश की नीतियों तक में परिवर्तन कर सकते हैं। यह भी सांसारिक नेटवर्किंग का ही उदाहरण है। अंधश्रद्धा के इस सिलसिले में पढ़े-लिखे और बुद्धिजीवी माने जाने वाले लोगों का भी जमघट इसलिए शामिल हो जाता है क्योंकि अक्सर उनका पेशेवर जीवन अत्यंत तनावपूर्ण होता है और



इससे मुक्ति के लिए किसी गुरु की शरण में जाकर वे रीचार्ज हो जाते हैं और नई शक्ति के साथ अपने काम पर वापस लौटते हैं। ऐसे बाबाओं के शिष्य समाज के किसी भी वर्ग से हों, जब किसी एक भक्त का कोई काम हो जाता है तो वह श्रद्धावश बाबाजी की प्रशंसा के गीत गाने लग जाता है और उसे देख-देखकर शेष लोग भी बाबा जी के शिष्य बनने लगते हैं और बाबा जी का रुतबा बढ़ता चला जाता है । यह दुनिया सतरंगी है, हर तरह के लोगों से मिलकर बनी है। कुछ लोग बहुत अच्टे हैं और कुछ लोग बहुत अच्टे के वेष में हैं। ऐसे लोगों में संत कहलाने वाले लोगों की भी कमी नहीं है। सतलोक आश्रम के स्वयंभू मुखिया और खुद को कबीर का अवतार बताने वाले रामपाल, बापू के नाम से प्रसिद्ध आसाराम, डेरा सच्चा सौदा के मुखिया गुरमीत राम रहीम के बारे में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। पंजाब के नूरमहल में स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के मुखिया आशुतोष की मृत्यु पर श्उनके उत्तराधिकारियों ने उन्हें श्समाधि में लीनश बताना आरंभ कर दिया। इस दौरान आश्रम व आश्रम की संपत्ति पर नियंत्रण को लेकर अदालत में मुकद्दमे भी आए, इसी से पता चलता है कि समाधि में लीन बताने की असलियत क्या है। जरूरी नहीं है.कि ऐसे किसी आश्रम अथवा संस्थान से जुड़ा हर व्यक्ति पाखंडी, झूठा या फरेबी हो, पर यह अवश्य हो सकता है कि वह श्रद्धावश सच्चाई को समझने की कोशिश ही न कर रहा हो ।

बाबाओं की प्रसिद्धि में चिकित्सा व्यवसाय में प्रचलित श्ठकि श्प्लैसीयो इफैक्टश की भी बड़ी भूमिका है। उदाहरणार्थ किसी व्यक्ति की बीमारी प्रति प्रदत्त कारणों से या दवाइयों से ठीक हो गई लेकिन उसका श्रेय बाबाजी को मिल गया। प्रसिद्धिप्राप्त ऐसे किसी बाबा के शिष्यों की संख्या जब बढ़ जाती है तो वोट के खरीददार राजनीतिज्ञ उनके सामने शीश नवाने चले आते हैं। राजनीतिज्ञों का समर्थन पाकर ये बाबा लोग और भी निरंकुश हो जाते हैं। कुछ सत्ता के दलाल बन जाते हैं और अपने हित में सत्ता का दुरुपयोग करने लगते हैं। आज ऐसे बाबाओं की कमी नहीं है जो हजारों करोड़ का व्यवसाय करते हैं। अक्सर हम इन संतों के विवादित आचरण से दो-चार होते रहते हैं, परंतु धर्मभीरू भारतीय इन पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देते। वोट लेने के लिए लगभग हर राजनीतिक दल के नेता इन बाबाओं की शरण में जाते रहते हैं। कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी आदि में से कोई भी इसका अपवाद नहीं है। यही बाबा जी अगर कानून के शिकंजे में आ जाएं तो सारे राजनीतिज्ञ उनसे पल्ला झाड़ लेते हैं। खेद का विषय यह है कि इन बाबाओं के बड़े-बड़े आश्रमों का जब अवैध निर्माण हो रहा होता है तो पुलिस, प्रशासन, राजनेता और मीडिया में से कोई भी शोर नहीं मचाता, उनकी पोल नहीं खोलता, उन पर कार्रवाई

**कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी आदि में से कोई भी इसका अपवाद नहीं है। यही बाबा जी अगर कानून के शिकंजे में आ जाएं तो सारे राजनीतिज्ञ उनसे पल्ला झाड़ लेते हैं। खेद का विषय यह है कि इन बाबाओं के बड़े- बड़े आश्रमों का जब अवैध निर्माण हो रहा होता है तो पुलिस, प्रशासन, राजनेता और मीडिया में से कोई भी शोर नहीं मचाता, उनकी पोल नहीं खोलता, उन पर कार्रवाई की मांग नहीं करता। उससे भी ज्यादा आश्चर्य का विषय है कि ये बाबा लोग अपनी निजी श्सेनाएंश बना लेते हैं, तब भी इनका विरोध नहीं होता और कोई दुर्घटना घट जाने के बाद ही जब इनकी शिकायत होती है तो समाज हरकत में आता है। अपराध होने से पहले अपराध की पृष्ठभूमि बनने दी जाती है ।**

की मांग नहीं करता। उससे भी ज्यादा आश्चर्य का विषय है कि ये बाबा लोग अपनी निजी श्सेनाएंश बना लेते हैं, तब भी इनका विरोध नहीं होता और कोई दुर्घटना घट जाने के बाद ही जब इनकी शिकायत होती है तो समाज हरकत में आता है। अपराध होने से पहले अपराध की पृष्ठभूमि बनने दी जाती है । यह हमारे समाज और प्रशासन की सबसे बड़ी कमजोरी है। हम जब तक इस दृष्टिकोण से मुक्ति नहीं पाएंगे, इन कथित संतों के नए-नए अवतार उगते और फलते-फूलते रहेंगे ।

# गृह मंत्रालय ने केटीएफ के सहयोगी अर्शदीप सिंह गिल को किया आतंकी घोषित

## कनाडा में बैठकर भारत के लिए उगलता है जहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को खालिस्तान टाइगर फोर्स के सहयोगी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डाला को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। गिल पर आतंकवादी गतिविधियों के अलावा हत्या, जबरन वसूली और लक्षित हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी शामिल होने के आरोप हैं।




गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार गिल का जन्म 1996 में पंजाब के लुधियाना में जगराओं में हुआ था परन्तु अब वर्तमान में वह कनाडा में रह रहा है। वह कनाडा से भारत में आतंक फैलाने का काम करता रहता है। गिल यूएपीए अधिनियम के तहत नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर का बहुत ही करीबी है और उसकी ओर से आतंकी मड्यूल चलाता है। अधिसूचना के अनुसार, गिल आतंकी गतिविधियों के अलावा हत्या, जबरन वसूली और लक्षित हत्या जैसे जघन्य अपराधों में शामिल है।

अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार का मानना है कि गिल आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। इसलिए सरकार गिल को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 35 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आतंकवादी घोषित किया है। यूएपीए अधिनियम के तहत चौथी अनुसूची में मीर आतंकवादी घोषित होने वाला 53वां व्यक्ति है। केंद्र सरकार ने लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य अरबाज मीर को कश्मीर में टारगेट किलिंग को बढ़ावा देने और महिला शिक्षक रजनी बाला की हत्या के आरोप में आंतकवादी घोषित किया था।

दीगर है कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 व्यक्तियों और संघों की गैरकानूनी गतिविधियों की अधिक प्रभावी रोकथाम और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने और उनसे जुड़े मामलों के लिए अधिनियमित किया गया है।

गौरतलब है कि यदि केंद्र सरकार को लगता है कि कोई व्यक्ति आतंकवादी है तो अधिनियम की चौथी अनुसूची में उसका नाम शामिल करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 35 की उप-धारा (1) के खंड (क) और उपधारा (2) का उपयोग किया जाता है। सरकार इसी अधिनियम के तहत गिल का भी नाम शामिल किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील दंगों पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील में सरकारी संस्थानों के खिलाफ हो रहे दंगों और तोडफोड़ पर सोमवार को चिंता जताई। मोदी ने ट्वीट किया, ब्राजीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़-फोड़ की खबरों से बेहद चिंतित हूं। सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। हम ब्राजील के अधिकारियों को अपना पूरा समर्थन देते हैं। रविवार को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के हजारों समर्थकों ने देश के कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति कार्यालय पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारी वाम नेता लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के राष्ट्रपति निर्वाचित होने का विरोध कर रहे हैं।

## शीतलहर की चपेट में तेलंगाना, पारा 5 डिग्री से नीचे

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना शीतलहर की चपेट में है और कुछ स्थानों पर रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने ठंड की स्थिति के लिए राज्य में निचले स्तर की उत्तर-पूर्वी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया है। तेलंगाना के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री कम रहा। संगारेड्डी का कोहिर 4.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा।

तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी के अनुसार, कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के सिरपुर (यू) में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री, विकाराबाद जिले के मारपल्ले और रंगारेड्डी के तल्लापल्ली में 5 डिग्री दर्ज किया गया।

रंगारेड्डी में मंगलपल्ले में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आदिलाबाद जिले के बाजारहथनूर में 5.4, कामारेड्डी के डोंगली में 5.5, शिवमपेट (मेडक) में 5.6, न्यालका (संगारेड्डी) में 5.6 और नल्लावल्ली (संगारेड्डी) में 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार शाम से चल रही सर्द हवाओं से सड़कें सुनसान नजर आई। सबसे ज्यादा परेशानी फुटपाथ और बस स्टैंड पर रहने वालों को हुई।

अगले तीन दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मनचेरियल, निर्मल, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जगित्याल, राजन्ना सिरसिला, मेडक, कामारेड्डी और निजामाबाद जिलों के लिए अरेंज-कोडेड अलर्ट जारी किया है।

## घने कोहरे के चलते करीब 40 फीट नीचे गिरा टमाटर से भरा कैंटर, 2 घायल

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** घने कोहरे के चलते एक के बाद एक एक्सीडेंट के मामले सामने आ रहे हैं। बीती शाम से ग्रेटर नोएडा, नोएडा समेत कई इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पइंट पर टमाटर से भरा कैंटर करीब 40 फीट नीचे गिर गया। कैंटर में मौजूद ड्राइवर और क्लीनर को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टमाटर से भरा आईसर कैंटर ग्रिल तोड़कर घने कोहरे की वजह से नीचे गिर गया। पुलिस के आला अधिकारी समेत नलेज पार्क थाना पुलिस मौके पर मौजूद है। पीआरवी व पुलिसकर्मियों ने घायल को निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना नालेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत प्रातरू करीब 5 बजे सफीपुर सर्विस रोड के पास जीरो प्वाइंट पर आगरा से परीचौक पर उतरने वाले साइड से एक कैंटर जिस पर टमाटर लदा हुआ था।

## रसिया का बड़ा दावा, जवाबी मिसाइल हमले में 600 से अधिक यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मस्को , एजेंसी।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि डोनबास में यूक्रेन के कब्जे वाले क्रामाटोरस्क शहर में एक रूसी मिसाइल हमले में कीव के 600 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। आरटी ने एक बयान में कहा, बमबारी एक श्जवाबी कार्रवाई थी, जो नए साल की रात को डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में मेकयेवका शहर में रूसी सैनिकों को ठहराने वाले एक अस्थायी आवास क्षेत्र पर यूक्रेन द्वारा श्आपराधिक हमले के जवाब में की गई थी।

पिछले 24 घंटों में, रूसी सेना ने डीपीआर में क्रामटोरस्क में यूक्रेनी सैनिकों के स्थान को उजागर करने और पुष्टि करने में कामयाबी हासिल की है। इस डेटा से पता चला कि शहर में छात्रावास संख्या 28 में 700 से अधिक कीव सैनिकों की मेजबानी की गई थी।

## टीवी चैनलों पर सरकार सख्त, ऋषभ पंत की दुर्घटना का हवाला देते हुए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को सभी टेलीविजन चौनलों को सलाह दी कि वे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ हिंसा सहित दुर्घटनाओं, मौतों और हिंसा की ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग न करें, जो शालीनता से समझौता करती हो और छोटे बच्चों को प्रभावित करती हो। मंत्रालय द्वारा टेलीविजन चौनलों द्वारा विवेक की कमी के कई मामलों पर ध्यान दिए जाने के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है।

मंत्रालय ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जुड़ी दुर्घटना का हवाला दिया, जिसमें मंत्रालय ने कहा, दुर्घटना में घायल क्रिकेटर की दर्दनाक तस्वीरें और वीडियो को बिना ब्लर करके दिखाया गया। मंत्रालय ने कहा, टीवी चौनलों ने व्यक्तियों के शव और तस्वीरें, आसपास खून के छींटे घायल व्यक्तियों के वीडियो, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित लोगों को नजदीक से बेरहमी से पीटते हुए, लगातार रोते हुए दिखाया है। कई मिनटों तक बार-बार दिखाई जाती हैं, जिससे यह और भी भयानक हो जाता है।

बयान में आगे कहा गया, इस तरह की घटनाओं की रिपोर्टिंग का तरीका दर्शकों के लिए अरुचिकर और परेशान करने वाला होता है। एडवाइजरी में आगे कहा गया,टीवी, आमतौर पर घरों में परिवारों द्वारा देखे जाने वाला एक प्लेटफर्म है, जिसमें सभी समूहों के लोग वृद्ध, मध्यम आयु वर्ग, छोटे बच्चे आदि शामिल है। विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के साथ, प्रसारकों के बीच जिम्मेदारी और अनुशासन की निश्चित भावना रखें, जो प्रोग्राम कोड और विज्ञापन कोड में निहित हैं।

### ब्राजील में प्रदर्शन पर बोले पीएम मोदी

## लोकतांत्रिक परंपराओं का सभी को सम्मान करना चाहिए

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों द्वारा राजधानी ब्रासीलिया में विभिन्न स्थानों पर हंगामा किए जाने की खबरों पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए.

मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे व तोडफोड की खबरों से बहुत चिंतित हूं.सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए. हम ब्राजील के प्राधिकारियों को पूरा समर्थन देते हैं.

गौरतलब है कि रविवार को बोल्सोनारो के समर्थकों ने राजधानी में उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रपति भवन और अन्य स्थान पर धावा बोल दिया. राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के कार्यभार संभालने के एक सप्ताह बाद बोल्सोनारो के समर्थकों ने यह हंगामा किया. बोल्सोनारो ने उनके खिलाफ आए चुनावी नतीजों को मानने से इनकार दिया था, तभी से उनके समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं.

खबरों के मुताबिक हजारों प्रदर्शनकारियों ने अवरोधक को पार कर सुरक्षा घेरा तोड़े, छतों पर चढ़ गए, खिड़कियां तोड़ दीं और तीन इमारतों पर धावा बोला. इनमें से कई चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इनकार करते हुए सशस्त्र बलों से इसमें हस्तक्षेप करने और बोल्सोनारो को दोबारा राष्ट्रपति बनाए जाने की मांग कर रहे हैं.

## यमन में हौती विद्रोहियों के साथ संघर्ष में 13 सैनिकों की मौत

**सना , एजेंसी।** यमन के मध्यवर्ती प्रांत मारिब में सरकारी सुरक्षा बलों और हौती विद्रोहियों के बीच भारी संघर्ष में 13 सैनिकों की मौत हो गई है।

एक सरकारी सैन्य सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि अल-जुबाह के दक्षिणी जिले की सीमा पर शुरू हुई लड़ाई में कई सैनिक घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि हौती लड़ाकों के समूहों में तीन दिशाओं से सरकारी बलों के ठिकानों की ओर बढने के बाद झड़पें शुरू हुईं। लड़ाई पूरी रात करीब आठ घंटे तक चली।

सैन्य सूत्र ने बताया कि यह एक बहुत ही घातक हमला था, जिसमें भारी मशीनगनों, रकेटों और तोपों का इस्तेमाल किया गया। सुरक्षा बल अब तब हौती पक्ष के हताहतों का अनुमान नहीं लगा सके हैं, जबकि हौती समूह ने अभी तक संघर्ष पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# मेरा दिल टूटा, दल नहीं: पशुपति पारस

## बोले- चिराग को किसी पंडित ने पट्टी पढ़ाई, एनडीए छोड़ो तो सीएम बन जाओगे

**हाजीपुर, एजेंसी।** बिहार में एक कहावत है का वर्षा जब ऋषि सुखाने। भतीजे से मिलने का अब कोई सवाल ही नहीं उठता है। कोई राजनीतिक दल नहीं टूटा है, दिल टूटा है। यदि चिराग पासवान यह कह रहे हैं कि चाचा ने पार्टी तोड़ी है और वही मुझसे मिलेंगे तो यह उनका भ्रम है। हमलोग तीन भाई थे और तीनों भाईयों में बड़ा प्रेम था पर बड़े भाई स्व.रामविलास पासवान के निधन के बाद आखिर क्या बात हो गई कि पार्टी भी टूट गई और परिवार भी। यह बातें रालोजपा प्रमुख एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने सोमवार को हाजीपुर सर्किट हाउस में लोगों से मिलने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।



उन्होंने कहा कि उनके भतीजा को किसी पंडित ने पतरा देखकर कह दिया था कि एनडीए से गठबंधन तोड़कर चुनाव लड़ जाओ तुम बिहार के मुख्यमंत्री बन जाओगे। उसी के कहने पर उसने दल एवं दिल दोनों को तोड़ दिया। जिसके पास कोई विधायक तक नहीं वह मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहा है और पूरे बिहार का दौरा कर रहा है इससे कुछ होने वाला नहीं है।

वहीं, नीतीश कुमार के समाधान यात्रा के बारे में पूटे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नीतीश कुमार की समाधान यात्रा कोई नई बात नही है। वे बराबर यात्रा करते रहते हैं इसमें नई बात क्या है। यह तो अच्छी बात है जिस क्षेत्र में वह जाते है इसी बहाने उस क्षेत्र का विकास हो जाता है। जब सीएम पदयात्रा करेंगे तो क्षेत्र का विकास होगा ही। ऐसे तो विकास हो नहीं रहा है इससे अच्छा है कि वे हमेशा यात्रा में ही रहे।

वही देश में भ्रमण करने के बारे में पूटे जाने पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दो उद्देश्य से देश में यात्रा कर रहे हैं। पहला तो वे प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं पर इस चुनाव में तो प्रधानमंत्री का कोई वेकेंसी ही नहीं है। दो तिहाई बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। राहुल गांधी समेत देश के बहुत से नेता प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं उसी तरह नीतीश भी देख रहे हैं। वही उनका दूसरा उद्देश्य देश भर में घूमकर अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाना है। यह दोनों संभव नही है वे घूमते रहे।इस दौरान उनके साथ दलित सेना के प्रधान महासचिव घनश्याम कुमार दाहा, उपेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महिला जिलाध्यक्ष संजू चंद्रा, कामेश्वर प्रसाद सिंह, शिवनाथ पासवान, सनोज पासवान, पूर्व जिला पार्षद मुकेश पासवान, चंदन गांधी, ऋषि कपूर पासवान, विंदेश्वर पासवान, प्रकाश कुमार चंदन, वालेंद्र सिंह एवं नीतेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व हाजीपुर पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद वे सदर प्रखंड के कुतुबपुर एवं अफजलपुर धोबघट्टी गांव में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बेगूसराय के लिए रवाना हो गए।

### पेरिस-नई दिल्ली फ्लाइट में यात्रियों के दुर्व्यवहार पर डीजीसीए सख्त

# एयर इंडिया को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टोरेट जनरल अफ सिविल एविएशन ने फ्लाइट में यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर सख्त रुख अपना रहा है। पेरिस-नई दिल्ली फ्लाइट की दो घटनाओं को लेकर क्ळब्। ने एयर इंडिया को नोटिस भेजा है और जवाब तलब किया है।



डीजीसीए के अनुसार, पहली घटना में, नशे में धुत एक यात्री ने शौचालय में धूम्रपान किया और उसने चालक दल की बात नहीं सुनी। वहीं दूसरी घटना में, एक अन्य यात्री ने खाली सीट पर और एक एक बुजुर्ग महिला सहयात्री के कंबल पर पेशाब कर दिया। दोनों घटनाएं छह दिसंबर, 2022 को पेरिस-नई दिल्ली उड़ान में हुईं।

नियामक ने एक बयान में कहा कि डीजीसीए ने एअर इंडिया से पांच जनवरी 2023 को घटना की जानकारी मांगी, उससे पहले कंपनी ने कोई जानकारी नहीं दी थी। नियामक ने कहा कि कंपनी ने छह जनवरी को ईमेल के जरिए जवाब भेजा और उस पर गौर करने के बाद प्रथम दृष्टया यह पता लगा कि आपत्तिजनक आचरण करने वाले यात्री से निपटने से जुड़े प्रावधान का पालन नहीं किया गया।

नियामक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने जवाबी कार्रवाई करने में सुस्ती बरती और उसमें देरी भी हुई। महानिदेशालय ने एअर इंडिया के संबंधित प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि नियामक दायित्वों की अवहेलना के लिए क्यों न उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बयान में आगे कहा गया है कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए, उन्हें अपना जवाब सौंपने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है और उस आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## पुंछ में हिंदुओं के घरों पर पत्थरबाजी, लोगों में दहशत

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी द्वारा हिंदू परिवारों को एक बार फिर टारगेट किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में देर रात हिंदू लोगों के घरों में पत्थर मारे गए। जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों द्वारा पुलिस से सहायता मांगी गई है।

वहीं, इस घटना की जानकारी मिलने पर एसएचओ रंजीत सिंह राव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। इस बीच नगर से हिंदुओं के संगठनों के पदाधिकारियों ने भी वहां पर पहुंचकर अल्पसंख्यकों से मुलाकात की और उन्हें हौसला दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना की जानकारी हासिल कर जांच शुरू कर दी है। उधर, क्षेत्र के लोगों ने इस घटना की निंदा करने के साथ उनका कहना है कि कुछ शरारती तत्व गांव में सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहते है।

## हीरा कारोबारी नीरव मोदी के एचसीएल हाउस की कीमत घटी, डीआरटी ने फिर दिया नीलामी का आदेश

**मुंबई ,(एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले में भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव डी.मोदी की एक संपत्ति का कोई खरीदार नहीं मिलने पर इसकी कीमत घटा दी गई है और डीआरटी ने कुछ अन्य प्रमुख संपत्तियों के साथ इसकी फिर से नीलामी का आदेश दिया है। पिछले हफ्ते डीआरटी-वसूली अधिकारी अजीत त्रिपाठी ने 22,13,16,39,411 रुपये के बकाया के एक हिस्से की वसूली के लिए मरोल में एचसीएल हाउस के साथ ही तीन अन्य संपत्तियों को ई-नीलामी के लिए रखा था।पहले इसका आरक्षित मूल्य 52 करोड़ रुपये था, जिसे अब डीआरटी-1 की घोषणा के अनुसार घटाकर 40 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा डीआरटी ने लोअर परेल में पश पेनिनसुला पार्क बी की 20वीं मंजिल पर कार्यालय संख्या 2001-2002 सहित मोदी की अन्य संपत्तियों को नीलामी ब्लक में रखा है। जिसका आरक्षित मूल्य 66 करोड़ रुपये और 1.72 करोड़ रुपये से अधिक है।

मोदी की एक और संपत्ति, नरीमन प्वाइंट में मफतलाल सेंटर की छठी मंजिल के साथ-साथ चार पार्किंग स्लट भी ई-हैमर के तहत 62 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य के साथ जाएंगे। पेडर रोड स्थित ग्रोसवेनर हाउस में मोदी का 4-बीएचके फ्लैट 15.87 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य के साथ नीलामी के लिए जा रहा है। एचसीएल हाउस और ग्रोसवेनर हाउस पर भार या बकाया ज्ञात नहीं है और सभी संपत्तियों की नीलामी श्जहां है जैसी है और श्जैसी है जो है के आधार पर की जाएगी।

ई-नीलामी 10 फरवरी के लिए निर्धारित है। इसके पहले तीन फरवरी को डीआरटी द्वारा पुणे में योपुन हाउसिंग स्कीम में मोदी के दो फ्लैटों की 1.8 करोड़ रुपये में नीलामी तय की गई है। पीएनबी बनाम फायरस्टार इंटरनेशनल लिमिटेड से संबंधित नई नीलामी सूची में मोदी और उनके समूह की कंपनियों जैसे बेंटले प्रपर्टीज प्रा. लिमिटेड, मैक बिजनेस एंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड, एएनएम एंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड, एनडीएम एंटरप्राइजेज प्रा. लिमिटेड, नीशाल ट्रेडिंग प्रा. लिमिटेड शामिल हैं।बांद्रा कुर्ला कम्प्लेक्स में भारत डायमंड बोर्स में एक ही पते पर पंजीत अन्य कंपनियां हैं फायरस्टोन ट्रेडिंग प्रा. लिमिटेड, पौंड्रा एंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड, रादाशीर ज्वेलरी। 14,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित घोटाले पर पीएनबी की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जनवरी 2018 में पहला केस दर्ज किया।

## भारत के राष्ट्रदूत हैं प्रवासी भारतीय, जी-20 विश्व को भारत के बारे में बताने का अवसर: पीएम मोदी

**इंदौर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय को भारत के श्राष्ट्रदूत की संज्ञा देते हुए कहा कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भारत के लिए एक अवसर की तरह है और प्रवासी भारतीय समुदाय भी इसे दुनिया को भारत के बारे में जानकारी देने के एक मौके के तौर पर ही देखें।

मोदी ने आज यहां आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के औपचारिक उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। इस दौरान गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य गणमान्य लोग और बडी संख्या में प्रवासी भारतीय उपस्थित थे।

अपने करीब 25 मिनट के संबोधन में मोदी ने प्रवासी भारतीय समुदाय के समक्ष कई सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि सभी प्रवासी भारतीय विदेशी धरती पर भारत के राष्ट्रदूत हैं।

# बोल्सनारो के समर्थकों ने ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट, संसद व राष्ट्रपति भवन पर बोला धावा, जमकर मचाया उत्पात

**ब्राजीलिया , एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सनारो के समर्थकों ने देश के सर्वोच्च न्यायालय, संसद और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया है। वे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा का विरोध कर रहे हैं। ब्राजील के झंडे के रंग पीले और हरे रंग की कमीज पहने प्रदर्शनकारियों ने राजधानी ब्राजीलिया की इमारतों में तोडफोड़ की। जनवरी 2003 से दिसंबर 2010 के बीच राष्ट्रपति रहे लूला ने 31 अक्टूबर, 2022 को हुए चुनाव में बोल्सनारो को हरा दिया था। उनके शपथ ग्रहण के एक सप्ताह बाद दंगा भड़क उठा।

राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन को घेर लिया तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। न्याय मंत्री फ्लेवियो डिनो ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक कम से कम 200 दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया है और सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों को खदेडने में कामयाब होने के बाद कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन के आसपास की स्थिति नियंत्रण में है।

यह आतंकवाद है, यह एक तख्तापलट है। हम निश्चित हैं कि आबादी का विशाल बहुमत नहीं चाहता कि यह अंधेरा लागू हो। उन्होंने इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया, जिसकी कमान बोसोलनारो के सहयोगी ने संभाली थी। डिनों ने कहा, मैं विश्वास करना चाहता हूं कि गवर्नर उन लोगों के संबंध में जिम्मेदारियों का निर्धारण करेंगे जिन्होंने अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा नहीं किया।

इस बीच कैबिनेट मंत्रियों ने दावा किया है कि दंगाइयों ने राष्ट्रपति भवन से हथियार उठाए थे। संचार के मुख्यमंत्री पाउलो पिमेंटा ने एक ट्वीट में कहा, हम संस्थागत सुरक्षा कार्यालय के कमरे में हैं। इनमें से प्रत्येक ब्रीफकेस में घातक और गैर-घातक दोनों तरह के हथियार थे। वे अपराधियों द्वारा चुरा लिए गए। रविवार की देर रात बोल्सनारो, जो दिसंबर 2022 के अंत से फ्लोरिडा में रह रहे हैं, ने ट्विटर पर कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हैं। एक बयान में राष्ट्रपति लूला ने इस कार्रवाई को कट्टरपंथी फासीवादी करार दिया। इसके पहले लूला ने व्यवस्था बहाल करने के लिए राष्ट्रीय गार्ड को राजधानी में भेजने के लिए आपातकालीन शक्तियों की घोषणा की थी। राष्ट्रपति ने सुरक्षा बलों को भी निशाने पर लिया। उन्होंने उन पर अक्षमता का आरोप लगाया। लूला ने कहा कि हम यह पता लगाने जा रहे हैं कि इन उत्पातियों के पीटे कौन था। विश्व नेताओं ने भी हिंसा की निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक ट्वीट में कहा, मैं लोकतंत्र पर हमले की निंदा करता हूं।

# अंडर–17 यूथ कप नॉकआउट राउंड 23 जनवरी से डेक्कन एरिना में होंगे शुरू



कोलकाता , हीरो अंडर–17 यूथ कप के नॉक–आउट राउंड हैदराबाद के डेक्कन एरिना में 23 जनवरी से शुरू होने वाले हैं, जहां शीर्ष ट्रॉफी जीतने के लिए 16 टीमें आपस में भिड़ेंगी।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने नयी दिल्ली में एआईएफएफ कार्यालय में 16 राउंड के ड्रॉ के बाद 31 जनवरी को होने वाले फाइनल मैच की घोषणा की।

हीरो अंडर–17 यूथ कप ग्रुप स्टेज में कुल 49 टीमों भाग लिया था, जहां उन्हें 10 ग्रुप में बांटा गया था, जो इस प्रकार हैं.. गढ़वाल फुटबॉल क्लब (एफसी), टेकट्रो स्वदेस यूनाइटेड एफसी, मिनर्वा पंजाब एफसी, क्लासिक फुलबॉल अकादमी, पंजाब स्टेट एफए अंडर–17 टीम, सुदेव दिल्ली एफसी और जिंक फुटबॉल अकादमी 10 ग्रुप विजेताओं के रूप में चलीफाई किया है।

एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, हीरो अंडर–17 यूथ कप का नॉकआउट दौर हम पर है और हमने अब तक कुछ वास्तव में प्रतिस्पर्धी खेल का प्रदर्शन देखा है। इस टूर्नामेंट में सभी टीमों ने शानदार प्रतिस्पर्धा और कुछ बेहतरीन प्रतिभा दिखाई है। नॉकआउट दौर के लिए हैदराबाद जाने वाली सभी टीमों को मेरी शुभकामनाएं। आपके महान खेल से हम भारतीय फुटबॉल का उज्वल भविष्य देखेंगे। हम कुछ विशिष्ट स्तर की प्रतिभाओं को देखने का इंतजार अब ज्यादा नहीं कर सकते हैं, जो भविष्य में भारत को गौरवान्वित करेंगी।

सोलह दौर की टीमें इस प्रकार हैं और उनके मैच की तिथि भी दी गयी है।

23 जनवरीः गांधीनगर एफसी बनाम टेकट्रो स्वदेस यूनाइटेड एफसी

23 जनवरीः हिमालयन एफसी किन्नौर बनाम राजस्थान यूनाइटेड एफसी

23 जनवरीः केआर फुटबॉल लीडर्स बनाम पंजाब स्टेट एफए अंडर–17

23 जनवरीः क्लासिक फुटबॉल अकादमी बनाम मिनर्वा अकादमी एफसी

24 जनवरीः श्रीनिदी डेक्कन एफसी बनाम सुदेवा दिल्ली एफसी

24 जनवरीः कॉर्बेट एफसी बनाम जिंक फुटबॉल अकादमी

24 जनवरीः चेन्नईयिन एफसी बनाम गढ़वाल एफसी

24 जनवरीः ओडिशा एफसी बनाम मुथूट फुटबॉल अकादमी

चर्टर फाइनल के मैच

25 जनवरीः राउंड 16 के पहले विजेता बनाम राउंड 16 का दूसरा विजेता

25 जनवरीः राउंड 16 के तीसरे विजेता बनाम राउंड 16 के चौथे विजेता

26 जनवरीः राउंड 16 के पांचवें विजेता बनाम राउंड 16 के छठे विजेता

26 जनवरी : राउंड 16 के सातवें विजेता स बनाम राउंड 16 के आठवें विजेता के बीच होगा।

सेमीफाइनलः

सत्ताइस जनवरी को चर्टर फाइनल के पहले विजेता बनाम चर्टर फाइनल के दूसरे विजेता के बीच मैच खेला जाएगा। इसके बाद 28 जनवरी को चर्टर फाइनल के तीसरे विजेता बनाम चर्टर फाइनल के चौथे विजेता के बीच मैच खेला जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी को जो टीमें विजयी होगी, उनके बीच में फाइनल मैच खेला जाएगा।

## 6 बार की चैंपियन के वर्ल्ड चैम्पियनशिप में नहीं दिखेंगे पंच, मैरीकॉम ने वापस लिया नाम





नई दिल्ली । 6 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली दुनिया की पहली महिला मुक्केबाज के पंच का दम इस साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में देखने को नहीं मिलेगा।भारतीय सुपरस्टार मैरीकॉम ने खुद इसकी पुष्टि कर दी है कि वो वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा नहीं लेंगी और उन्होंने अपना नाम भी वापस ले लिया है। मैरीकॉम के हिस्सा न लेने के पीछे वजह उनकी दर्दनाक चोट है। मैरीकॉम ने कहा कि वो जल्द से जल्द फिट होने की कोशिश कर रही हैं।

2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018 में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली मैरीकॉम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस चैंपियनशिप में हमें और भी चैंपियंस मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी मुक्केबाजों को बधाई दी है।

बता दें कि मैरीकॉम 6 बार वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले दुनिया की इकलौती महिला मुक्केबाज हैं। शुरुआती 7 वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले वो एकमात्र महिला मुक्केबाज हैं। यही नहीं मैरीकॉम 8 वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली महिला और पुरुष दोनों में ही इकलौती मुक्केबाज हैं।

### चेतन शर्मा ही रहेंगे मुख्य चयनकर्ता

मुंबई । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर चेतन शर्मा की चयनकर्ता समिति के चेयरमैन के पद पर पुनर्नियुक्ति की है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने जारी बयान में बताया कि नयी चयनकर्ता समिति में शर्मा के अलावा शिव सुंदर दास, सुब्रोतो बनर्जी, सलिल अंकोला और श्रीधरन शरत को शामिल किया गया है।गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत की 10 विकेट की हार के बाद बीसीसीआई ने चेतन शर्मा और उनकी पुरानी चयनकर्ता समिति को बर्खास्त करके खाली पदों के लिये आवेदन आमंत्रित किये थे।शाह ने बताया कि 18 नवंबर 2022 को बीसीसीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किये गये पांच पदों के विज्ञापन के बाद बोर्ड को लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए।

# भारत को 2047 तक एशियाई फुटबॉल के शीर्ष चार में पहुंचाना है : प्रभाकरण

नयी दिल्ली । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफ-एफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने 'विजन 2047' की घोषणा करते हुए कहा कि वह अगले 25 साल में भारत को एशियाई फुटबॉल के शीर्ष चार देशों में पहुंचाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि भारत फिलहाल एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) में 19वें स्थान पर है, जबकि फीफा रैंकिंग में वह 106वें स्थान पर है।भारतीय फुटबॉल की सूरत बदलने के लिये तैयार किये गये नक्शे 'विजन 2047' में राष्ट्रीय टीम, फुटबॉल प्रशासन, बुनियादी ढांचे, महिला फुटबॉल और जमीनी स्तर के फुटबॉल से जुड़ी योजनाएं पेश की गयीं। विजन 2047 को बेहतर तरीके से लागू करने के लिये चार साल की छह रणनीतिक योजनाओं में विभाजित किया गया है। इनमें से पहल अवधि 2026 में पूरी होगी।प्रभाकरण ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय टीम को एएफसी रैंकिंग के शीर्ष चार में पहुंचाने के अलावा महासंघ भारत में फुटबॉल के लिये एक जीवंत माहौल तैयार करना चाहते हैं। राष्ट्रीय टीमों के अनुभव में इजाफा करने के लिये साल में कम से कम दो बार महाशिविर आयोजित किये जायेंगे। महिला और पुरुष अंडर–17 विश्व कप में योग्यता के आधार पर जगह बनाना भारत की प्राथमिकता होगी।प्रभाकरण ने कहा कि एआईएफएफ इस दिशा में काम करते हुए अपने संगठनात्मक ढांचे में व्यापार और वाणिज्य विभाग जोडने़ जा रहा है। महासंघ के इतिहास में पहली बार शुरू होने वाले इस विभाग का उद्देश्य एआईएफएफ के राजस्व को बढ़ाना और उसे वित्तीय रूप से मजबूत करना होगा। साल 2026 तक व्यापार और वाणिज्य विभाग का लक्ष्य एआ-




ईएफएफ के राजस्व को 500 प्रतिशत करना और तीन 'प्रमुख टेलीविजन सामग्री' लॉन्च करना होगा। प्रभाकरण ने जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि एआईएफ-एफ का 2026 का लक्ष्य जमीनी कार्यक्रमों के माध्यम से 3.5 करोड़ बच्चों तक पहुंचना और पूरे भारत के 100 गांवों में ग्रामीण जमीनी कार्यक्रमों को लागू करना है। 'फ्लैगशिप ग्रासरूट प्रोजेक्ट' का उद्देश्य 10 लाख खिलाडि़यों को पंजीकृत करना और 2.5 करोड़ बच्चों को फुटबॉल स्कूलों के माध्यम से फुटबॉल शिक्षा प्रदान करना है। महिला फुटबॉल से जुड़े लक्ष्यों के बारे में प्रभाकरण ने बताया कि महासंघ 2026 तक चार–स्तरीय लीग टेबल पिरामिड का निर्माण सुनिश्चित करेगा, जिसके शीर्ष पर भारतीय महिला लीग (10 टीमें) का कब्जा होगा। इसके बाद द्वितीय श्रेणी (आठ टीमें) लीग और आठ टीमों के साथ पांच जोनल लीग भी होंगी। इसके अलावा, एक नयी महिला युवा लीग संरचना प्रस्तावित की गयी है जिसमें विभिन्न आयु समूहों के खिलाड़ी न्यूनतम 14 मैच खेलेंगे।


एआईएफएफ ने बुनियादे ढांचे में सुधार की दिशा में काम करते हुए 2026 तक एक स्मार्ट स्टेडियम और दो फीफा मानक के स्टेडियम बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही वह 2047 तक फीफा मानक पर खरे उतरने वाले 30 स्टेडियम और 12 स्मार्ट स्टेडियम बनाना चाहते हैं।


प्रभाकरण ने बुनियादी ढांचे की योजनाओं पर रोशनी डालते हुए कहा कि महासंघ ने अगले 25 साल में हर जिले में कम से कम 50 फुटबॉल पिचें और 50 पेशेवर फुटबॉल क्लबों के लिये उनके अपने ट्रेनिंग स्थल तैयार करने की योजना बनायी

है। इससे पहले महासंघ सरकारी अधिकारियों, फुटबॉल क्लबों, कॉरपोरेट घरानों और निजी निवेशकों को बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिये प्रोत्साहित करने के इरादे से नीतिगत हस्तक्षेप करेगा। साल 2024 तक एक ग्रेडिंग और लाइसेंसिंग मानदंड लागू होगा, जबकि 2026 तक एक मेगा फुटबॉल पार्क औपचारिक रूप से तैयार किया जायेगा। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने यह नक्शा तैयार करने के लिये भारत के उन क्षेत्रों का दौरा किया, जिन्हें 'पिछले 85 वर्षों में' नहीं खंगाला गया। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटबॉल को इस समय एक फलसफे की जरूरत है, जिसे बुनियाद बनाकर इन लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। चौबे ने कहा, विजन 2047 वह तस्वीर पेश करता है जहां हम अपने देश की आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारतीय फुटबॉल को देखना चाहते हैं। ऐसे समय में जब विश्व मंच पर भारत की भूमिका तेजी से प्रमुख होती जा रही है, हम अपने राष्ट्र के जैसी एक महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू कर रहे हैं।

## फिल्मी सफर

# पिंक आउटफिट में रकुल प्रीत सिंह दिखीं गजब की बला, ग्लैमर ने बरपाया फैंस पर कहर





अदाकारा रकुल प्रीत सिंह ने पिंक कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। रकुल प्रीत सिंह की बोल्ड तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। साथ ही वो अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म इंडस्ट्री में अपना जलवा बिखेरे रहती हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी रकुल धमाल मचाए रहती हैं।

अभिनय के दम पर साउथ इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक नाम कमा चुकी रकुल प्रीत सिंह ने पिंक कलर की ड्रेस में अपनी सुंदर तस्वीरें शेयर की हैं। पिंक कलर के ऑफ शोल्डर ड्रेस में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने कई किलर अंदाज में पोज दिए हैं। जो फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ाए हुए हैं। रकुल प्रीत सिंह इस आउटफिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। वहीं, उनकी ड्रेस फैंस को काफी पसंद आ रही है। वहीं, एक्ट्रेस रकुल प्रीत लहंगे में भी अपनी तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं, फैंस को उनका ये वेडिंग लुक काफी पसंद आ रहा है। लाइट मेकअप और ज्वैलरी में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह बेहद ही खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। साल 2009 में रकुल प्रीत सिंह ने कन्नड़ फिल्म गिल्ली से करियर की शुरुआत की थी। वहीं, उन्होंने साल 2014 में बॉलीवुड फिल्म यारियां से इंडस्ट्री में दस्तक दी। वहीं, वर्क फ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह थैन्क गॉड, रनबे 34. कटपुतली और डॉक्टर जी में नजर आ चुकी हैं। रकुल प्रीत सिंह का लेटेस्ट फोटोशूट सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रहा है।

साथ ही फैंस भी रकुल के इन फोटो पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

# बादशाह पागल टूर के बाकी हिस्से के लिए सडक़ पर निकले

कोरियोग्राफर और निर्देशक सौरभ प्रजापति लोकप्रिय गायक बादशाह के साथ उनके पागल टूर पर काम कर रहे हैं, जो भारत के आठ शहरों में हो रहा है। मुंबई से शुरू होकर फिर गुवाहाटी, अहमदाबाद, गुरुग्राम, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे में खत्म होगा। सौरभ ने अपने हालिया दौरे और रैपर बादशाह के साथ काम करने के बारे में बात की है।

उन्होंने कहा, मैंने सभी एक्ट्स को कोरियोग्राफ और डिजाइन किया है। यह एक बार का अनुभव है, इसलिए इसे मिस न करें। जब लाइव शो की बात आती है, तो सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा यह है कि सब कुछ सही और सटीक होना चाहिए, क्योंकि आपको दूसरा मौका नहीं मिलता है। यह वन–टेक परफॉर्मेंस है, इसका मतलब है कि आप गलतियां नहीं कर सकते, चाहे कुछ भी हो जाए। लोकप्रिय रैपर बादशाह के साथ अपने जुड़ाव पर प्रकाश डालते हुए सौरभ ने कहा, मुझे बादशाह के साथ काम करना पसंद है। मैं उनकी वाइब और ऊर्जा की प्रशंसा करता हूं। जब उनके संगीत और गीतों की बात आती है तो हम सभी जानते हैं कि वह अद्भुत हैं। मैं पागल टूर के दौरान उनके साथ काफी समय बिता रहा हूं, क्योंकि यह हमारी तैयारी का समय है। एक कलाकार के रूप में, वह हर चीज में इतने शामिल हैं, उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह हमेशा अपना इनपुट देते हैं और साथ ही वह दूसरों का फीडबैक भी लेते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा, वह आपको बहुत अधिक स्वतंत्रता देते हैं। उन्हें अपनी टीम पर विश्वास और भरोसा है। जब उन्होंने मुझे बताया कि यह दौरा उसका सपना है, तो मैंने सोचा कि मैं इसे अंतर्राष्ट्रीय रूप दूंगा। इउसी को ध्यान में रखते हुए मैंने उनके हर एक गाने को डिजाइन किया है और उसे एक नया आयाम दिया है। उनके प्रशंसक जो उनके संगीत



समारोह को देखने आ रहे हैं, वह विभिन्न प्रकार की नृत्य शैलियों और विभिन्न दृश्य देखेंगे। बादशाह दौरे के लिए अपनी जरूरतों के बारे में काफी विशिष्ट थे, कोरियोग्राफर ने कहा : मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि मंच पर बादशाह का विद्युतीय व्यक्तित्व है। हाल ही में मुंबई के संगीत समारोह में, हाउस फुल था, क्योंकि सभी टिकट बिक गए थे। अब हम बाकी शहरों में उनका जादू देखने की उम्मीद कर रहे हैं। बादशाह द आर्टिस्ट के बारे में बात करते हुए सौरभ ने कहा, उनकी यात्रा प्रेरणादायक है, वह अपने स्तर को बढ़ाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान और प्यार है, उनके साथ काम करना खुशी की बात है।

# प्रभास की सालार केजीएफ फेंचाइजी से होगी बड़ी, मेकर्स ने किया दावा



केजीएफ चैप्टर 1 और केजीएफ चैप्टर 2 जैसी धमाकेदार फिल्में देने वाली प्रोडक्शन कंपनी हम्बेल फिल्म्स सालार का निर्माण कर रही है। प्रशांत नील को निर्देशन की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें साउथ अभिनेता प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म अगले साल 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अब हम्बेल फिल्म्स के संस्थापक विजय किरागंदूर और चालुवे गौड़ा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उनकी सालार ब्लॉकबस्टर फिल्म फेंचाइजी केजीएफ से बड़ी होगी।

विजय और चालुवे ने कहा, करीब फिल्म की 80 फीसदी शूटिंग हो चुकी है। केवल क्लाइमेक्स बाकी है, जिसे हम जनवरी में पूरा करेंगे। यह हमारी अब तक की किसी भी अन्य फिल्म से बड़ी होगी।

प्रभास के अलावा फिल्म में अभिनेत्री श्रुति हासन अपने अभिनय का तडक़ा लगाएंगी। इसे हिंदी, तमिल और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। बता दें, केजीएफ की दोनों फिल्मों का बजट लगभग 180 करोड़ रुपये था।

### उर्वशी रौतेला ने नेटफ्लिक्स के प्रोजेक्ट के लिए चार्ज किए 15 करोड़ रुपये?

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के प्रति फैंस की दीवानगी देखते ही बनती है। अब सुनने में आ रहा है कि उर्वशी ने नेटफ्लिक्स के एक प्रोजेक्ट के लिए भारी–भरकम फीस ली है।रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री ने नेटफ्लिक्स के वार्षिक वीडियो में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए 15 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

महज कुछ सेकेंड के अपीयरेंस के लिए उन्होंने तगड़ी फीस ली है। नेटफ्लिक्स का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।उर्वशी के प्रवक्ता ने कहा, हालिया एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उर्वशी और रयान गोस्लिंग दोनों एक साथ हैं। क्या आप जानते हैं कि नेटफ्लिक्स के इस प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री को 15 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया था।

# विक्की कौशल को है एक खूबसूरत प्रॉब्लम, बिग बी के सामने किया खुलासा



नेशनल क्रश विक्की कौशल ने टेलीविजन पर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने खूबसूरत समस्या के बारे में बताया कि वह पिज्जा और बर्गर जैसे जंक फूड खाकर भी अपना वजन कम कर सकते हैं। उन्होंने कौन बनेगा करोड़पति 14 (केबीसी) के सेट पर होस्ट अमिताभ बच्चन से वजन नहीं बढने़ पर बात की।चैनल ने इंस्टाग्राम पर एक प्रोमो शेयर किया, जिसमें विक्की अमिताभ से कहते नजर आ रहे हैं, सर मुझे ना एक बहुत खूबसूरत प्रॉब्लम है।

मेरा वजन नहीं बढ़ता सर। यह सुनकर अमिताभ बच्चन हैरान रह गए। विक्की ने आगे कहा, मैं बर्गर पिज्जा खाकर वजन घटा सकता हूं। बिग बी ने उनसे पूछाः वजन बढ़ाने के लिए फिर क्या करते हैं आप? विक्की ने जवाब दिया, फिर सर मुझे बहुत बोरिंग सा खाना खाना पड़ता है। जैसे कि सब कुछ ग्रिल्ड खाता हूं। कियारा ने पूछा– क्या ऐसा खाना खाने से तुम्हारा वजन बढ़ता है? तो विक्की हामी भरते है। विक्की कहते है, लोग जिम जाते हैं वजन घटाने के लिए, मुझे जिम जाना पढ़ता है वजन बढ़ाने के लिए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com